दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 01 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 311 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25.28 लाख किसानों के खाते में डाले 10 हजार 324 करोड़ रुपये, अंतर राशि एकमुश्त मिलने पर अन्नदाताओं में खुशी

होली से पहले किसानों की दिवाली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय शनिवार को बिलासपुर के बिल्हा में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ ट्रांसफर किया।

कृषक उन्नति योजना के तहत 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में रकम पहुंची। सरकार धान का 3100 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य दे रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राशि ट्रांसफर को लेकर कहा कि, आज का दिन किसान भाइयों-बहनों के पसीने और मेहनत के सम्मान का दिन है। प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों द्वारा उपार्जित धान पर कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10,324 करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की गई है।यह अन्नदाताओं के श्रम, समर्पण और आत्मविश्वास का सम्मान है। सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

सीएम साय ने बताया सौभाग्य का दिन

उन्होंने आगे कहा कि, आज 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 25 लाख 28 हजार किसानों को 10 हजार 324 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इससे अन्नदाताओं की होली और अधिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा सकेगी। यह सौभाग्य का विषय है कि, आज किसानों को राशि मिलेगी। 10 हजार करोड़ से अधिक राशि किसानों को देंगे। प्रदेश में 146 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित है।

आज बेबाक

ऐसे ही नहीं कहा गया है कि समरथ को नहीं दोष गोसाई। जो सामर्थ्यवान होता है उसका दोष कभी सिद्ध नहीं होता। दोषी तो वह भूखा गरीब होता है जो ब्रेड चुराने का संगीन अपराध करता है और सालों जेल में सड़ता है।देश को केक समझकर चट करने वाले भ्रष्ट नेता और नौकरशाह तो बेदाग बरी हो जाते हैं। बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोप से नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा मनीष सिसोदिया सहित सभी आरोपी बरी हो गए। अच्छा हुआ अन्यथा लोगों का पैसे की ताकत से विश्वास उठ जाता।

ईरान ने मध्य पूर्व में मचाया हाहाकार : अमेरिकी बेस कैंप पर कहर बनकर टूटा ईरान, दुबई, अबू धाबी, रियाद, दोहा समेत कई शहरों पर मिसाइल से हमले

सायरन, धमाका और तबाही...

नई दिल्ली/ए। ईरान ने इजरायल के बाद अमेरिका के खिलाफ ऐलान ए जंग कर दिया है. ईरान ने मध्य पूर्व में स्थित अमेरिका के 7 सैन्य अड्डों पर बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है. अगर इजरायल को भी मिला दें तो ईरान ने एक साथ 8 देशों पर जवाबी हमला किया है. ताजा जानकारी के मुताबिक ईरान ने सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन, कुवैत, कतर, यूएई में स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डों पर हमला किया है. बहरीन ने शनिवार को कहा कि आइलैंड किंगडम में यूएस नेवी के 5th फ्लीट हेडक्वार्टर को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया गया. उसने हमले के बारे में तुरंत कोई और जानकारी नहीं दी.

बहरीन ने शनिवार को कहा कि आइलैंड किंगडम में यूएस नेवी के 5th फ्लीट हेडक्वार्टर को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया गया. उसने हमले के बारे में तुरंत कोई और जानकारी नहीं दी. बहरीन के मनामा शहर में भी धमाके की आवाज सुनी गई है. ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिका के सैन्य अड्डों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया है।

■ हमले में ईरान के रक्षा मंत्री के मारे जाने की खबर: रायटर्स

■ अमरीकी बेस पर इरान के हमले लगातार जारी, हमलों से खाड़ी में तबाही

■ ईरान ने एक साथ आठ देशों पर जवाबी हमला किया

■ भारतीय नागरिकों के लिए भारत ने जारी की एडवाइजरी

हथियार डाल दो, वरना मौत निश्चित, ईरानी सेना को ट्रंप की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान में प्रमुख सैन्य अभियान शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी नागरिकों को आगाह किया है कि इस संघर्ष में अमेरिकी सैनिकों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है और कुछ जानें भी जा सकती हैं। ट्रंप ने कहा, 'कुछ ही समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में प्रमुख सैन्य अभियान शुरू कर दिए हैं। हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले खतरों को समाप्त करके अमेरिकी लोगों की रक्षा करना है। यह बहुत ही क्रूर और भयानक लोगों का एक दुष्ट समूह है।

खतरे को दूर करने के लिए किया हमला: नेतन्याहू

इजरायल ने शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान पर कई बड़े हमले किए, जिससे मिडिल ईस्ट एक बार फिर से युद्ध की गिरफ्त में आ गया। इन हमलों में अमेरिका ने भी इजरायल का साथ दिया। ईरान पर हुए हमलों पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका के साथ मिलकर किया गया हमला ईरान से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को दूर करने के लिए था। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, मेरे भाइयो और बहनो, इजरायल के नागरिको, कुछ समय पहले इजरायल और यूनाइटेड स्टेट्स ने ईरान में आतंकवादी शासन से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को दूर करने के लिए एक ऑपरेशन शुरू किया है। नेतन्याहू ने आगे कहा, हमारी मिली-जुली कार्रवाई बहादुर ईरानी लोगों के लिए अपनी किस्मत अपने हाथों में लेने के हालात बनाएगी।

ईरान के हमले से भड़का यूएई, संप्रभुता पर हमला, जवाब देंगे

अमेरिका के साथ मिलकर इजरायल ने ईरान पर भीषण हमला कर दिया दिया है। इससे पहले जून में भी इजरायल ने ईरान पर हमला किया था और फिर अमेरिका युद्ध में कूद पड़ा था। इजरायल ने शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला किया, जिसके बाद शहर के मध्य क्षेत्र से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका ने ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते के लिए दबाव बनाने के वास्ते क्षेत्र में लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों का बड़ा बेड़ा तैनात किया हुआ है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इस हमले को खतरों को समाप्त करने' के लिए उठाया गया कदम बताया। हालांकि, उन्होंने तुरंत इसका अधिक विवरण नहीं दिया। तेहरान में प्रत्यक्षदर्शियों ने जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी। बाद में ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी विस्फोट की खबर दी, लेकिन उसके कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इसी समय इजराइल में सायरन बजने लगे।

ईरान पर हुए हमले से भड़के रूसी राष्ट्रपति पुतिन के करीबी

इजरायल और अमेरिका ने मिलकर शनिवार को ईरान के कई शहरों पर बड़े मिसाइल हमले किए। इसमें कई ईरानी नेता व कई सीनियर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर के मारे जाने की आशंका जताई गई है। ईरान पर हुए इस हमले से रूस भड़क गया है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और प्रेसिडेंट पुतिन के करीबी दिमित्री मेदवेदेव ने इन हमलों के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि अमेरिका ने एक बार फिर से अपना असली चेहरा दिखा दिया है। रूसी नेता और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने इस बात पर शक जताया कि क्या वॉशिंगटन ने अच्छी नीयत से लड़ाई टालने के लिए बातचीत शुरू की थी।

इंडियो और एयर इंडिया की फ्लाइट वापस लौटी

एयर इंडिया और इंडिगो की फ्लाइट्स का बदलना पड़ा रूट: इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध का असर भारतीय एयरलाइंस पर भी पड़ा है। इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट्स को बीच रास्ते से ही भारत वापस लौटना पड़ा है। एयरलाइन ने पुष्टि की कि 28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव के लिए रवाना हुई AI139 इजरायल के हवाई क्षेत्र के बंद होने के कारण भारत वापस लौट रही है। दोनों तरफ से किए जा रहे हवाई हमलों की वजह से दोनों देशों ने अपने-अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया है। इसके कारण दिल्ली और तेल अवीव के बीच चलने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को डायवर्ट कर दिया गया है।

न्यूज गैलरी

पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा- 300 की मौत

काबुल/इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं।

150 साल से होली नहीं मनाता कोरबा का खरहरी गांव

कोरबा/नवप्रदेश। देशभर में जहां होली का पर्व रंगों और उत्साह के साथ मनाया जाता है, वहीं छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले का एक गांव ऐसा भी है, जहां पिछले करीब 150 वर्षों से होली नहीं मनाई जाती। जिले के खरहरी गांव में न तो होलिका दहन होता है और न ही रंग-गुलाल खेला जाता है। यह दिन यहां आम दिनों की तरह ही गुजर जाता है।

आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट 20 लोगों की मौत, छह गंभीर हालत में

■ धमाके की आवाज 5 किमी दूर तक सुनाई दी

अमरावती/एजेंसी। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके के समय यूनिट में 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया।

राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

राइस मिल में लगी भीषण आग: 2 करोड़ का धान खाक

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोरिद के पास स्थित तिरुपति सम्पत्ति राइस मिल में शुक्रवार सुबह आग का तांडव देखने को मिला। सुबह करीब 11 बजे मिल परिसर में रखी धान की बोरियों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस अग्निकांड में मिल संचालक को करीब 2 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने की सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

एक्टिवा से 75 लाख कैश बरामद

■ रायपुर में चेकिंग के दौरान बड़ा खुलासा, युवक ने नहीं बताया रकम कहां से लाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग अभियान के बीच एक एक्टिवा सवार युवक के पास से भारी मात्रा में नगद राशि बरामद की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बरामद रकम 75 लाख रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आजाद चौक क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक एक्टिवा को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 75 लाख रुपये नगद बरामद किए गए। युवक की पहचान आजाद चौक निवासी मिलन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में युवक रकम के स्रोत के संबंध में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। इतनी बड़ी नगदी बिना वैध दस्तावेज के मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रकम जब्त कर ली है।

गरमा-गरम

प्रोजेक्ट: चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारत की सैन्य ताकत को दोगुना करेगी सुरंग

भारत की सीमाएं होंगी अभेद्य, लद्दाख में बनेगी सबसे ऊंची सुरंग

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार रणनीतिक और सामरिक सुरंगों का जाल बिछाकर भारतीय सीमाएं अभेद्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर में बनने वाली ये सुरंगें न सिर्फ चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारत की सैन्य ताकत को दोगुना कर देंगी बल्कि हिमालय के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में हर मौसम में सड़क संपर्क भी मुहैया कराएंगी। अन्य राज्यों की सुरंग परियोजनाएं सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देंगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने छह सुरंग परियोजनाओं की लंबित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्विन सुरंग सिंथन टॉप की डीपीआर अंतिम चरण में

जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग को किश्तवाड़ से जोड़ने के लिए ट्विन सुरंग सिंथन टॉप की डीपीआर अंतिम चरण में है। लगभग 10-12 किलोमीटर लंबी यह सुरंग सर्दियों में भारी बर्फबारी में भी जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच एक वैकल्पिक और सुरक्षित संपर्क प्रदान करेगी। इस सुरंग का भू-तकनीकी सर्वे अंतिम चरण में है। मालूम हो कि सर्दियों में सिंथन टॉप दर्रा बंद हो जाता है।

महाराष्ट्र और केरल में भी सुरंग का निर्माण

सरकार सुरंग निर्माण में केवल हिमालय तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र की खमशेत-कासरघाट सुरंग का अपना महत्व है। महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में ट्रैफिक को सुचारू करने के लिए भी बड़ी योजना पर काम चल रहा है। मुंबई-पुणे और मुंबई-गोवा रूट पर घाट वाले रास्तों को खत्म कर सफर को तेज व सुगम बनाया जाएगा। दक्षिण भारत में नीलगिरी सब-वे सुरंग परियोजना वहां के लिए वरदान साबित होगी। केरल के वायनाड और मलप्पुरम के बीच कनेक्टिविटी के लिए पर्यावरण के अनुकूल सुरंग की योजना है।

सौम्या चौरसिया को मिली बड़ी राहत शराब घोटाले में हाईकोर्ट ने दी जमानत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शनिवार को हाईकोर्ट ने सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। सौम्या ने ईडी और एसीबी/ईओडब्ल्यू के खिलाफ याचिकाएं लगाई थी। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। आज आए फैसले में सौम्या की याचिका को मंजूर किया गया। यह मामला जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच में लगा था।

उल्लेखनीय है कि, दो महीने पहले ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

30 मई 2025 को कोयला घोटाले में मिली थी जमानत

30 मई 2025 को कोल लेवी घोटाला और DMF घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया समेत 6 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। इसके बाद आरोपी रायपुर के सेंट्रल जेल से रिहा हो गए।

63 करोड़ 40 लाख की आदान सहायता सुकमा के 14,549 किसानों के खातों में जमा

■ **कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक क्लिक में जारी की अंतर राशि**

सुकमा / नवप्रदेश। जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय करने वाले सुकमा जिले के 14,549 कृषकों के बैंक खातों में कुल 63 करोड़ 40 लाख 5 हजार रुपए की आदान सहायता राशि अंतरित की गई है। यह राशि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रदान की गई। प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित ग्राम रहंगी से रिमोट के माध्यम से राज्य के 24 लाख 28 हजार किसानों के खातों में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की सहायता राशि एकमुश्त जारी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल संवाद भी किया।सुकमा जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शबरी ऑडिटोरियम सुकमा, जनपद पंचायत छिंदगढ़ तथा कोंटा स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सुकमा में नगरपालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, छिंदगढ़ में जनपद उपाध्यक्ष रीना पेद्दी तथा कोंटा में जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कोवासी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसानों के हित में आदान सहायता राशि जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेती को लाभकारी बनाने और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। आंकड़ों के अनुसार, जिले के किसानों ने इस विपणन वर्ष में 8 लाख 67 हजार 309 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था। अंतर राशि जिले की 21 बैंक शाखाओं के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में जमा की गई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कृषि विशेषज्ञों ने इस अवसर पर किसानों को दलहन, तिलहन, उतेरा फसल तथा पशुपालन, मुर्गीपालन और बकरीपालन जैसे वैकल्पिक आजीविका साधनों को अपनाने की सलाह भी दी, ताकि उनकी आय के स्रोतों में विविधता आ सके और वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकें।

न्यूज गैलरी

आदिवासी संस्कृति में सहकारिता का प्रादुर्भाव प्राचीन काल से: नितिन पोटाई

काँकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में लैम्पस नाथिया नवागांव में किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण षिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि आदिवासी संस्कृति में सहकारिता का प्रादुर्भाव प्राचीन काल से ही रहा है। वर्तमान समय में सहकारिता से प्रत्येक गांवों जोड़ने की बात हो रही है जिसके लिए सहकारिता मंत्रालय भी नये-नये कानून बना रही है। यदि गांव को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है तो गांव के प्रत्येक नागरिकों को सहकारी समिति का गठन करना चाहिए। बस्तर जैसे अंचल में सहकारिता की अपार संभावनाएं है। यहां उपभोक्ता सहकारी समिति, मत्स्य सहकारी समिति , श्रम सहकारी समिति, परिवहन सहकारी समिति और कृषि तथा वनोपज से संबंधित समितियां बनाकर लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी सहकारी समिति को बनाने के लिए प्रारंभ में बहुत मेहनत करना पड़ता है लेकिन जब बाद में यही संस्थाएं विकसित होती है तो वह एक विशाल रूप लेता है । इफ्को, कृभको, अमूल डेयरी, लिज्जत पापड़ एवं इंडियन कॉफी हाउस जैसी संस्थाएं इसका उदाहरण है। जब हम सहकारिता की बात करें तो हमारे जीवन को प्रभावित करने वाली प्रत्येक चीजों में सहकारिता झलकनी चाहिए।

ताड़ोकी में हुई मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक

अंतागढ़ / नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ द्वारा आज मण्डल ताड़ोकी में बैठक रखी गई जिसमें संगठन सृजन तथा बूथ स्तर पर काम करने चर्चा किया गया।बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, बद्री गावड़े पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, रूप सिंह पोटाई छाया विधायक,कांति नाग पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस, दुर्गेश ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र नायक, विष्णु बघेल, पीला राम पात्र,विजय यादव,क्क्ू ठुड्डद्द, टकेश्वर जैन,ब्रिज लाल साहू,तेज सिंह बघेल,दिनेश दुग्गा, उर्मिला पोयम, गायत्री नायक, बलदेव मरकाम, संजीव यादव, बंटी पात्र,सागर नायक,मानकर हुपेंडी,शंभू नाग, रवित कुमार हुपेंडी, सुरेन्द्र कु मेटी राजेंद्र हुपंडी, पार्वती पात्र,पवन बती,बीरन भाई, भाग बती,संगीता,लक्ष्मीनाथ दररो, गोवर्धन यदु उपस्थित रहे।

छह दिवसीय एम्प्लॉयबिलिटी स्किल एन्हांसमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश।। Govt Lal Kalind Singh College में छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारपरक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एम्प्लॉयबिलिटी स्किल एन्हांसमेंट के तहत 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में आवश्यक कौशल जैसे संचार कौशल, साक्षात्कार तकनीक, रिज़्यूमे लेखन, व्यक्तित्व विकास, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता तथा डिजिटल साक्षरता से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों को व्यवहारिक गतिविधियों, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया।

किसानों के खातों में आया पैसा

कोरिया / नवप्रदेश।जिला एमसीबी में कुल 15,852 कृषकों को कुल ?64,31,69,326.60 (चैंसठ करोड़ इकतीस लाख उनहत्तर हजार तीन सौ छब्बीस रुपये साठ पैसे) की आदान सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खातों में अंतरित की गई। विकासखंडवार विवरण इस प्रकार है विकासखंड खड़गवां के 4 हजार 591 कृषकों को ?18 करोड़ 56 लाख 45 हजार 344.80, विकासखण्ड़ मनेन्द्रगढ़ के 5 हजार 736 कृषकों को ?21 करोड़ 33 लाख 62 हजार 525.60 एवं विकासखण्ड़ भरतपुर के 5 हजार 525 कृषको को ?24 करोड़ 41 लाख 61 हजार 456.20 रूपये की राशि का वितरण किया गया। यह सहायता राशि किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था हेतु महत्वपूर्ण आर्थिक संबल प्रदान करेगी।

प्रदेश के मुखिया ने प्रत्येक अन्नदाताओं की मेहनत का वास्तविक सम्मान दिया: नेताम

कांकेर जिले के 93493 किसानों के खातों में 372 करोड़ की राशि अंतरित

काँकेर / नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत आज प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपए की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त अंतरित की गई। इसके तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले कांकेर जिले के 92 हजार 493 किसानों के खातों में आज 372 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दोपहर को रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश भर के किसानों के खातों में योजनांतर्गत एक साथ राशि अंतरित की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल रूप से वार्तालाप भी किया। जिला स्तर पर उक्त समारोह का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट कांकेर के परिसर में किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक नेताम ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषकों की आय दुगनी करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के किसानपुत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसान हित में लगातार चिंता और चिंतन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने प्रत्येक अन्नदाताओं की मेहनत को उनका वास्तविक सम्मान और हक कृषक उन्नति योजना के जरिए दिया है। किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन उतेरा फसलों के अलावा पशुपालन, मुर्गीपालन बकरीपालन जैसे व्यवसाय अपनाने की जरूरत है।जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से समृद्ध व आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा तथा हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत ने भी किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश की संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत आज जिले के किसानों के खातों में अंतरित की गई राशि की बधाई देते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

इस दौरान विधायक नेताम एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों के द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर राशि का प्रमाण पत्र ग्राम कोकपुर के किसान श्री प्रेमलाल जैन, बेवरती के पीलाराम नेताम, पोटगांव के मानेश कुल्हरिया सहित 10 किसानों को वितरित किया गया। साथ ही 15 किसानों को आदिवासी उप योजना अंतर्गत दलहनी फसलों को प्रोत्साहित करने मूंग बीज मिनी किट का वितरण किया गया। इनमें मोहपुर के किसान सर्वश्री कृष्णा भास्कर, मंशाराम सलाम, मन्नूराम वट्टी गणेशराम पोया, जैनराम मण्डावी, बाड़ाटोला से भुनेश्वर कुंजाम, जयसिंह सलाम, आनंद भाइदास, सियाराम नेताम, दिनेश्वर कुंजाम, बनऊराम मण्डावी, रामसिंग मण्डावी, चैतराम मण्डावी, इंदलराम और ग्राम टूराखार से शिवराम कोमरा शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के 92 हजार 493 किसानों के बैंक खातों में कुल 372 करोड़ 67 लाख 20 हजार रूपए की राशि आज मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा अंतरित की गई। इन किसानों के द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में 50 लाख 98 हजार 696 क्विंटल धान बेचा गया था, जिनकी अंतर राशि 70 बैंक शाखाओं में किसानों के बैंक खातों में एकमुश्त जमा हुई।

बीमा कंपनी को करना होगा ब्याज सहित दावे का भुगतान

■ **जिला उपभोक्ता फोरम का फैसला**

काँकेर / नवप्रदेश। दुर्घटनाओं को संदेहास्पद बताना और दुर्घटना बीमा की राशि देने में आनाकानी करना अनेक बीमा कंपनियों की पुरानी आदत है। इस आदत की वजह से अनेक परिवारों को अपने सदस्य की मृत्यु के बाद लंबे समय तक आर्थिक तथा मानसिक कष्ट झेलना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में काँकेर ज़िले के उपभोक्ता आयोग ने सड़क दुर्घटना के कारण विधवा हो चुकी महिला को दुर्घटना बीमा संबंधी इंसाफ़ दिलाया है।

शशि कला पटेल पति स्वर्गीय दिल्लू प्रसाद पटेल निवासी शिवनगर वार्ड काँकेर द्वारा दुर्घटना बीमा दावा पेश किया गया था, जिसके अनुसार उनके पति दिल्लू प्रसाद पटेल की मृत्यु मोटरसाइकिल दुर्घटना में 23 दिसंबर 2024 को हो गई थी। स्वर्गीय पटेल का व्यक्तिगत दुर्घटना हेतु 15 लख रुपए का बीमा था और उनकी नामिनी तथा पत्नी शशिकला पटेल को स्वाभाविक रूप से दावा राशि मिल जानी चाहिए थी लेकिन बीमा कंपनी यूनिवर्सल शोम्पो जनरल

इंश्योरेंस कंपनी राजेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आज तक दावे का निराकरण नहीं कर करते हुए विधवा महिला को परेशान किया जा रहा था, जिनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति दयनीय हो चुकी थी। अंततः उपभोक्ता आयोग जिला काँकेर में दावा प्रस्तुत करने पर आयोग की अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति सुजाता जसवाल तथा सदस्य माननीय डाकेश्वर सोनी जी की बेंच द्वारा 25 फरवरी को अपने फ़ैसले में इंसाफ़ किया गया और आदेश दिया गया कि बीमा कंपनी को 15 लाख रुपए तथा वाद प्रस्तुति दिनांक से आज तक का ब्याज 6 प्रतिशत की दर से भुगतान करना होगा । एक माह में भुगतान नहीं करने की स्थिति में ब्याज की दर 9 प्रतिशत कर दी जाएगी। मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10,000/ की राशि भी 1 माह के भीतर प्रदान करनी होगी। इसके अलावा परिवाद व्यय 3000/ भी परिवादी महिला शशिकला पटेल को प्रदान किया जाए ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किशोर न्याय बोर्ड व बालिका गृह का किया निरीक्षण

काँकेर / नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर श्री संजीव कुमार टामक द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, कांकेर एवं बालिका गृह, सिंगारभाट का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य, न्याय प्राप्ति

की प्रक्रिया, संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकार, परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था, बाल संरक्षण तंत्र, बाल कल्याण समिति की भूमिका, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक विकास, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें गुड टच बैड टच, चाइल्ड लाइन 1098, शिक्षा का महत्व तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में समझाया गया।

अमानक खाद्य बेचने वाले सात व्यापारियों को नोटिस

■ **खाद्य औषधि विभाग ने गुणवत्ताहीन 11 किलो मिठाइयां कराई नष्ट**

काँकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में होली पर्व एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तथा अनियमित पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध

नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान जिले की मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान कांकेर चारामा भानुप्रतापपुर, कोयलीबेड़ा अंतागढ़, नरहरपुर आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयां पनीर दूध दही नमकीन आटा बेसन, मैदा सूजी आदि का सैंपल जांच हेतु लिया गया। सैंपलिंग के दौरान अमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर तत्काल नष्ट कराया गया। इस दौरान 11 किलोग्राम से अधिक की मिठाइयां जिनमें पेड़े, कलाकंद, मोतीचूर लड्डू, खोया आदि शामिल हैं का विनष्टीकरण करवाया गया व संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई।

सुकमा प्रेस क्लब का सर्वसम्मति से गठन

सुकमा / नवप्रदेश । जिले के पत्रकारों की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सुकमा जिला प्रेस क्लब का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकारों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे संगठन को सशक्त और प्रभावी नेतृत्व मिल सके। संघ के अध्यक्ष पद पर संजय (रिंटू) सिंह भदौरिया को मनोनीत किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में अमन सिंह भदौरिया एवं जगदीश महेश्वरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद की जिम्मेदारी पवन शाहा को, सह सचिव के रूप में रफीक खान को तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लीलाधर राठी को नियुक्त किया गया है। संगठन को अनुभवी

मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु वरिष्ठ पत्रकार पीसा राजेंद्र, जोगराज जैन, आशीष दुबे एवं राजा राठौर को संरक्षक की भूमिका में रखा गया है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संघ को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अतिरिक्त 13 पत्रकारों को कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो संगठन की गतिविधियों, कार्यक्रमों और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नवगठित संघ ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान,अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जिले में पत्रकारों के बीच समन्वय,संवाद और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। जिले के पत्रकारों ने इस गठन को ऐतिहासिक बताते हुए उम्मीद जताई है कि सुकमा जिला पत्रकार संघ आने

वाले समय में पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करेगा और संगठनात्मक एकता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश । होली के ठीक दो दिन पहले किसानों के चेहरे पर खुशी छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी है धान बेचे किसानों के बचत राशि को खाते मे सीधा ट्रांसफर कर होली त्यौहार को दुगुना बनाकर बचे समर्थन मूल्य कि राशि किसानों के खाते मे डाला गया!

अंतागढ़ मे भी कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को अंतर कि राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन नगर के कम्युनिटी हाल में किया गया। अगर अंतागढ़ की बात करें तो अंतागढ़ विकासखंड

के 7452 किसानों को 2349.17 लाख की राशि प्रदान की गई, जो क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत और प्रोत्साहन साबित होगी। वहीं जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कृषक उन्नति योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आयोजन: साइंस से आकर्षक प्रयोग, वर्किंग मॉडल रंगोली एवं भाषण का छात्रों द्वारा शानदार प्रदर्शन

पैराडाइज स्कूल में मनाया नेशनल साइंस डे, स्पर्धाओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई.स्कूल में 28 फरवरी को राष्ट्र विज्ञान दिवस के रूप मनाया।इस दिवस पर डॉ.चंद्रशेखर वेंकटरमन को याद किया गया वह एक महान वैज्ञानिक थे। इस साइंस दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल के छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रकार के साइंस के आकर्षक वर्किंग मॉडल रंगोली एवं चिकित्सा विज्ञान लघु नाटिका के माध्यम से साइंस के प्रति अपनी विज्ञान कला को प्रदर्शित किये। विकसित भारत विज्ञान रंगोली में मान्या तिवारी, आशी सिंह, अनम अली, गितिका सोरी, सिम्मी सिन्हा, तनुजा मरकाम, कनिका मरकाम प्रतिभा नेताम, झरना सिन्हा, ट्विंकल नाग, पाखी शर्मा, रिया मण्डावी, अदिति नेताम, पुष्पांजलि, तेजशी जैन, सौम्या सिन्हा, कोहिना कांगे, नौशिन फातिमा, ट्विंकल नेताम, छाया सारथी, भूमिका जायसवाल, पुर्वी निर्मलकार, सौम्या कोड़पी, लिपि बोरकर, लुभांशी दुरगासी, उर्वशी भास्कर, भूविका यादव, सेजल मण्डावी ने भाग लिया।

मिडिल कक्षाओं के छात्रो के लिए साइंस दिवस पर प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्र-छात्राएं अपने जिज्ञासा एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हुये इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक, यांत्रिक एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में चार ग्रुप 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' बनाये गये जिसमें सभी ग्रुप अपने ज्ञान एवं तर्क शक्ति के अनुसार सभी प्रश्नों का बहुत सहज तरीके से जवाब दिये। जिसमे तेजस्वी देवांगन, सनाया मेश्राम, गर्व गनवीर, आदित्य मरकाम, नमन गोडबोले, अद्या झा. चैताली मरकाम, शुभ पुरी गोस्वामी, आदि ने भाग लिया। साथ ही रूबिक क्यूब सॉल्विंग गेम्स में प्रथम अफरीदी, द्वितीय अमिल, तृतीय अंश कुमार साहू, रहें। भाषण असमा खान, सनाया मेश्राम, रिमझिम मूर्ति ने दिये। प्राइमरी कक्षा के छात्रों मुकुंद नायिक, ख्याति सिन्हा, तेजस सिंह अत्री, धानि रावटे, दृष्टि, आद्य नामदेव, सिबतेन, पीयुष, अंजलि चौरसिया, हिमांशी देवांगन, सौरंभ, मो. अली. सातवीक, समृद्धि, आरोही, शिवांशी, माही, रेहान, विद्या, हार्दिक, मानसी, याचना आदि ने विभिन्न वैज्ञानिकों के वेशभूषा में आधुनिक विज्ञान के प्रति उनकी अनूठी पहचान, उनकी दृष्टिकोण, विशेषज्ञता, विज्ञान के प्रति उनके प्रयोग और अविष्कार को बताये।विभिन्न प्रकार से साइंस के आकर्षक रंगोली, प्रोजेक्ट एवं भाषण तथा लघु नाटिका को प्रदर्शित करने में शिक्षक रिया सोनी, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, शलेम कुमार राम, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, टाकेश्वर साहू, पेंकटेश पटेल, मनीषा साहू शांतिलीना नेताम, रामेश्वरी साहू आदि शिक्षको का मार्गदर्शन रहा। साइंस के प्रति जिज्ञासा एवं रूचि को रूचिकर बनाने हेतु तथा विश्व के महान वैज्ञानिक को समर्पित इस कार्यक्रम को सपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, प्रीति झा, पवित्र बढ़ाई, का विशेष के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, एस.मर्सी, भारती सेठिया, कृष्णापद कुंभकार, सरिता मिश्रा, अवतार सिंह, रचना शर्मा, पार्वती गजबल्ला, शिखा मेहरा, अभिनव सिंह, संगीता भारती, आदि उपस्थित रहे।

किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिल्हा विकासखण्ड के रहंगी में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन में बटन दबाकर प्रदेश के 25.28 लाख किसानों के खाते में 10 हजार 324 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। इनमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल है जिनके खाते में 494.38 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को नई गति देते हुए 15.99 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 7 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 247.18 करोड़ की लागत के 82 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। पूर्ण हुए विकास कार्यों के लोकार्पण से क्षेत्रवासियों को तत्काल लाभ मिलेगा। साथ ही विकास कार्यों का शिलान्यास कर मुख्यमंत्री ने भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव रखी। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का खुमरी और नांगर भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 'कृषक उन्नति योजना का वरदान, छत्तीसगढ़ का हर किसान धनवान' थीम पर आधारित वीडियो का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसान भाइयों के सम्मान का दिन है। प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से आज 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई है। किसान भाई होली का त्योहार अच्छे से मनाएं इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार किसानों को बारदाने की कोई समस्या नहीं हुई, किसानों के खाते में राशि भी समय पर पहुंची है। हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है, हमारी सरकार ने किसानों की चिंता करते हुए उनके लिए प्रगतिशील योजनाएं लाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शून्य प्रतिशत ब्याज दर में किसानों को ऋण लेने की सुविधा प्रदान की है। आज लाखों किसान क्रेडिट कार्ड का फायदा उठा रहे हैं। हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को धान की सर्वाधिक कीमत दे रहे हैं ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत किया।

क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीपेड पर जोशीला स्वागत किया।

बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन ने मुख्यमंत्री साय के आगमन पर जोशीला स्वागत किया।

बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया।

बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जोशीला स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में भी राशि अंतरित की जा रही है। खाद में सब्सिडी, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार सहित किसानों की समृद्धि के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। सहकारिता का विस्तार करते हुए इसे लाभकारी बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को 6000 रुपए सम्मान निधि की राशि प्रदान की जा रही है। इस वर्ष के बजट में 13 हजार करोड़ से अधिक की राशि कृषि के लिए रखा गया है यह किसानों के प्रति प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। किसानों को खेतों में पर्याप्त पानी मिले इसलिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नक्सलवाद बस्तर क्षेत्र से समाप्ति की ओर है और इस दिशा में हम सफल हो रहे हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से परिपूर्ण वाला राज्य है। हमारी सरकार खनिजों का दोहन कर राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए एनडीडीबी से समझौता किया गया है और अब छत्तीसगढ़ में भी दुग्ध की क्रांति आने वाली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सभी गारंटी को पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया है। विगत दो वर्ष के कार्यकाल में अधिकांश वादों को पूरा कर लिया गया है। राज्य में सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए ई ऑफिस का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी सहभागिता से एक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प को दोहराया।

मुख्यमंत्री ने पीएचसी को सीएचसी बनाने की घोषणा की

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने चकरभाटा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने, मंगला में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन एवं रहंगी के खेल मैदान में बाउंड्रीवॉल एवं स्टेज निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रूपए, आदिवासी समाज के लिए पत्थरखान में सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख रूपए देने की घोषणा की।

किसान सम्मेलन में बांटी खुशहाली की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को कृषि उपकरण, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं चेक का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही। मछली पालन विभाग द्वारा 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना' के अंतर्गत हरदी के गंगाराम नेताम, भठचौरा के हरिकिशन नेताम एवं हरदी (आमागांव) के शिवप्रसाद जगत को मोटर साइकिल सह आईस बाक्स प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम विभाग ने 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत भदौरिया की रानी बाई लोनिया को हार्वेस्टर, परसदा के श्री राघव राम राजपूत एवं सोन के किसान हेमलाल को स्प्रिंकलर सेट 30 पाईप विद्युत पंप प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन हितग्राहियों में ग्राम कोरमी की त्रिवेणी ध्रुव, कया की साधना देवी नोनिया एवं पेण्डवार के जीवन पोर्ते को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा कृषक उन्नति योजना अंतर्गत बोड़सरा के किसान चितगोंविद, पासिद के मनोज साहू, पौंसरा के जगदेव प्रसाद सूर्यवंशी, सरकण्डा के चिंतामणी पटेल, केन्दा के संतोष एवं अनिमा को चेक का वितरण किया गया। उद्यान विभाग की नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पाम योजना के तहत ग्राम धनगवां की सरोज डहरिया, रैल्हा की जोगन बाई को चेक का वितरण, श्रम विभाग के मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत रहंगी के स्व. विनोद ध्रुव एवं सेवार की स्व. संतोषी चौहान के परिजनों को 1-1 लाख रूपये का चेक प्रदान कर योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में दशेराम बंजारे एवं खोलबहरीन बाई ध्रुव को वय वंदन कार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार पशु विभाग की राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत गुड़ी के पशुपालक संजय कुमार साहू और पाराघाट के रूपेश कुमार वस्त्रकार को चेक दिया गया।

नेताम ने फसल विविधीकरण अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि उन्नति योजना का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री जी किसानों के बीच आए हैं यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज 10 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खाते में सीधे अंतरित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर साल किसानों के खाते में धान की राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि धान से ज्यादा लाभकारी दलहन एवं तिलहन के फसलों के उत्पादन में होता है। उन्होंने किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती किसानी में नवाचार और परिवर्तन से ही किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को मिश्रित कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को राशि अंतरित करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

किसानों की मेहनत से ही छत्तीसगढ़ खुशहाल: धरमलाल कौशिक

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने किसानों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के दर्द और मेहनत को समझते हैं और होली से पहले किसानों की मेहनत और पसीने का सौगात देने के लिए आज आपके बीच उपस्थित है। अन्नदाताओं और किसानों की मेहनत के कारण ही छत्तीसगढ़ खुशहाल है। विगत 3 साल में चार लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हुई है। 1 लाख 50 हजार करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सड़क, सिंचाई सहित विकास के सभी आयामों में बेहतर कार्य हुआ है। विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना के साथ छत्तीसगढ़ में विकास की दशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सड़क, सिंचाई सहित विकास के सभी आयामों में बेहतर कार्य हुआ है। विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना के साथ छत्तीसगढ़ में विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शाहला निगार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को आदान सहायता प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री ने किसानों का जताया आभार.......

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअली जुड़कर प्रदेश के किसान हितग्राहियों से बात की। जगदलपुर की महिला हितग्राही बसंती कश्यप ने बताया कि खाते में 36 हजार रुपए की राशि आई है इससे हम होली का त्योहार अच्छे से मनाएंगे। कोरबा जिले के पहाड़ी कोरवा हितग्राही सुखन साय ने बताया की 73 क्विंटल धान बेचे थे और 53 हजार रुपए की राशि मिली। उन्होंने कहा कि इस राशि से घर बनाने में खर्च करेंगे। जांजगीर जिले के किसान समर्थ सिंह ने बताया कि 1 लाख 41 हजार रुपए अंतर की राशि मिली है। किसान समर्थ सिंह ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में विधायक सर्वश्री अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, छत्तीसगढ़ राज्य पाठय पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पाण्डेय एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष रजनीश सिंह, महापौर पूजा विधानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति' विषय पर हुआ मंथन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'विज्ञान में महिलाएँ : विकसित भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति' रखा गया, जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एकता ताम्रकार रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएँ अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान और तकनीकी नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या सीमित थी, किंतु आज वे नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। डॉ. ताम्रकार ने कहा कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने देश और विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आएँ और अपने कौशल, ज्ञान तथा नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में सबसे अधिक छात्राओं की संख्या विज्ञान फार्मेसी और इंजीनियरिंग में है निश्चित रूप से यही छात्राएं भारत के भविष्य का निर्माण करेंगी।

सुनो भाई उधो — एप-स्टीम के रहसलीला

परमानन्द वर्मा

परमानन्द वर्मा अहा काला का बताबे,ये एपस्टिम के रहसलीला बताये नहीं सौहे देखेच के लइक हे। गजबेच सुंदर हे। सोशल मीडिया तो चौबीसों घंटा अपन स्क्रीन म देखावत हे। ओला लइका, सियान अउ जवान सबो आँखी फार फार के देखत हें। कोनो कोनो पूछत हें एमा का देखावत हे जी तब जौन देखे हें तेन मन बतावत हें जाके देख तब देखत रही जाबे फेर कोंनो फेर के स ही बात ला नइ बतावत है के ओमा देश विदेश के बड़े बड़े नेता अउ सूरमा मन के रहसलीला है। अब ओ रहसलीला काये, कइसन ढंग के हे जेला लेके संसार भर म तहलका मचे हे अउ ओ कलाकार मन के परा न छटके ले धरत हे, सब के होश् गायब होगे हे। इकरे ऊपर पढ़व ये छत्तीसगढ़ी आलेख ,,, एप स्टीम के रहस लीला,,,।

'देखे नहीं, सुने नहीं, समझे नहीं, जाने नहीं' ये अइसे 'कोड वर्ड' (संकेतक) शब्द हे जेला इशारा-इशारा मं केहे जाथे, सुनाय अउ समझाय जाथे। समझइया मन समझ जथे अउ भयरा, अंधरा, कोंदा अउ मंद बुद्धि वाला मन ला कतको कोचक-कोचक के, हुदर-हुदर के सुना, बता ले ओमन काहे-काहे काहत, चेंधत अउ पूछत रहि जथे। अतका 'टाइम' मं पूरा खेल खतम हो जथे, आगी लगे घर हा जल के राख अउ खाख हो जथे।

मुड़ी-पूछी ककरो कांही समझ नइ आवत होही, हवा के रुख ला देख के पंछी मन घला जान जथे के मौसम बदलइया हे इही पाके अपन ठौर-ठिकाना ला घला बदले ले धर लेथे। फेर मनखे जात अइसे कुभारज और मूरख ते चेंधते अउ सोचते रहि जथे, कुछु होवइया हे का, होगे हे का?

जाने बर तो अब सब जानते हे, बहुत देरी मं जानिस के कुछ जबर बात होगे हे देश मं फेर ककरो बक्का नइ खुलत हे, जना-मना ओकर मन के टोंटा (गला) ला कोनो भूत-परेत अउ मसान मन गला ला चपक दे हे? कोनो बइगा, गुनिया मन घला एकर मन के भूत, परेत ला उतार सकत हे? जउने हाथ लगाही तुन ला ओ भूत-परेत धर लिही, मसक दिही, चपक दिही, मरे बिहान हो जही।

कोनो-कोनो गोठियावत हे, सपट के सुनत हे,ओधहा मं दीवार मं, खिड़की मेर कान लगाके। अरे भइया जान दे जइसन नइ सुने, समझे, सोचे रेहेन तइसन चरित्तर होगे हे देश मं, नाक कटाय के लइक बात होगे हे।

पूछत रिहिसे तेनहा चेंधत ओला जउन घटना के जानकारी डर्रावत-डर्रावत, कांपत, हफरत बतावत रिहिसे, तिखार के पूछथे- अरे का बात होगे हे देश मं तेला बने फेर के बता ना?

ओहर कहिथे- मंय 'बीबीसी लन्दन बुलेटिन के न्यूज चैनल वाले नो हो, जउन बम्फाड़ कोनो खबर ला खोल के बता दौं, मंय 'आल इंडिया रेडियो' के संवाददाता अपन हौं खबर ला कांट-छांट के बताथौं। इंडिया के अइसने रिवाज हे।

सपट के पूछत रिहिसे तउन हा ओ खबरची ला कहिथे- काबर मुसुवा ला जइसे बिलई हा मुरकेट देथे, चपक देथे तइसे झझके असन खबर ला बतावत हवस जी, बने बता ना, का बात होगे हे, कहूं भूकंप आगे हे का, कोनो बड़े देश के नेता के अपहरण होगे हे, सत्ता परिवर्तन होगे हे, उलट-पुलट होगे हे, ककरो चीरहरण होगे हे, द्रौपदी असन, ते रूस, युक्रेन ,ईरान, भारत, चीन, अफगानिस्तान, बंगलादेश ला डोनाल्ड टंप हा रावन कस धमकावत हे। जउन देश ला देखबे तिहां के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ला जंगी बेड़ा भेजथौं कइके धमकी देवत रहिथे।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ट्रंप के तारी नइ पटत हे। कभू हां, कभू नहीं के बात ला सुन के ट्रंप बगियागे हे मोदी ऊपर। राजा संग रेहे तब खाय बीरो पान अउ नंगरा संग रइबे तब कटाय दुनो कान, कस हालत मोदी के होगे हे। बड़े मनखे के बड़े-बड़े चाल होथे। कइसनो करके फंसाये ले धरथे अइसने कस चाल चलके मोदी ला फंसा तो नइ दे हे? का एपस्टीन कहिथे तइसन जाल मं फंसा के अनफभक फोटो इंटरनेट मं देखावत हे सच का हे, गलत का हे तेला राम जानय फेर देश मं तो आगी लग गे हे। सब हांसत हे, काहत हे- अतेक बड़े नेता अउ अइसन चरित्तर।

मोदी खामोश हे सत्ताधारी दल के नेता मन के मुंह मं ताला ठेसा गे हे। विपक्ष के नेता अउ जनता मन तो ताली बजा-बजा के भजन गावत हे। अब दूध के दूध अउ पानी के पानी तब होही जब मोदी हा संसद मं सफाई दिही। लगथे पूरा मामला वइसने चक्रव्यूह असन हे। जइसन महाभारत मं अभिमन्यु ला इही चक्रव्यूह मं फंसाके कौरव मन मारे रिहिन हे। मोदी जब ट्रंप के आघू मन घुटना नइ टेकिस तब ओला सबक सिखाय खातिर इही चक्रव्यूह ला अपनाइस। शिकारी मन बहुत चुस्त, चालाक अउ हुशियार होथे, ओकर मन के निशाना फरक नइ खाय, एक तीर छोड़े मं शिकार ओकर पांव तरी आके गिर जथे। कवि चंद वरदाई के पंक्ति सुरता आथे ग

चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमान,
ता ऊपर सुल्तान हे मत चूको चौहान।।

बुरा न मानो, 'रिटायर' होली है

रिटायर हुए पर बॉस का, भूत अभी भी भारी है,
टूटी कॉलर वाली जैकेट, पहनने की तैयारी है।
सुधा से बोले– "ऐसी सादगी, मेरा तो आदर्श है,
पर त्रिवेदी पर पाँच हज़ार, करना बेकार का खर्च है!"

लेकर सस्ता क्रॉकरी सेट, जब शादी में वो पहुँचे,
सोचा था बस दूर रहेंगे, सबके कद हैं ऊँचे।
पर त्रिवेदी ने डाल गुलाल, ऐसा रंग चढ़ाया,
साहब का सारा अनुशासन, कोने में सुस्ताया।

भूल गए वो 'अधीनस्थ', और भूल गए वो पद,
भांग के एक ही लड्डू ने, पार करा दी हद।
सुधा मुस्कुरा कर बोली– "देखो रंग का मेल,
आज गजाधर बाबू भी, भूल गए सब खेल!"

रंगों का महापर्व : जब फागुन की हवाओं में घुलता है अनुराग

होली का नाम जेहन में आते ही एक ऐसा कोलाहल सुनाई देता है जिसमें हंसी, ठिठोली और ढोलक की थाप मिली होती है। यह भारत का वह इकलौता त्यौहार है जो अनुशासन की बेड़ियाँ तोड़कर हमें 'बचपन' में वापस ले जाता है। यह पर्व सिर्फकैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि भारतीय मानस की वह अभिव्यक्ति है जो कहती है कि साल भर के दुखों को एक मुट्ठी गुलाल में उड़ाया जा सकता है।

होली की विशेषता: सादगी और भव्यता का संगम

इस त्यौहार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें 'दिखावा' हार जाता है। जैसा कि आपने अपने व्यंग्य में लिखा, लोग रिटायरमेंट के बाद भी रूतबे की फिक्र करते हैं, लेकिन होली वह दिन है जब एक पूर्व अधिकारी और उसका सबोर्डिनेट (अधीनस्थ) एक ही रंग में रंगे होते हैं। पकवानों की खुशबूः गुझिया, कांजी-वड़ा और ठंडाई के बिना होली अधूरी है। सामाजिक समरसताः यह 'मनभेद' मिटाकर 'मतभेद' खत्म करने का दिन है। फटे पुराने कपड़े पहनकर भी आदमी खुद को शहंशाह महसूस करता है।

गजाधर बाबू का 'रंगीन' कायाकल्प

मोहल्ले के गजाधर बाबू अपने सिद्धांतों के लिए मशहूर थे। उनका मानना था कि "रिटायरमेंट के बाद गरिमा ही व्यक्ति का असली वस्त्र है।" होली के दिन उन्होंने सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर ड्राइंग रूम में सोफे पर बैठकर अखबार पढ़ना शुरू किया, जैसे आज कोई सामान्य दिन हो। तभी बाहर हुड़दंगियों की टोली पहुंची। गजाधर बाबू ने पत्नी सुधा से कह दिया, "कह देना मैं घर पर नहीं हूँ, या बीमार हूँ।"

सुधा ने व्यंग्य किया, "अजी छोड़िये, आज के दिन तो दुश्मन भी गले मिलते हैं।" तभी खिड़की से एक छोटा बच्चा 'स्पाइडरमैन' की तरह उछला और पिचकारी की एक लंबी धार सीधे गजाधर बाबू के अखबार पर दे मारी। अखबार गीला होकर फट गया और गजाधर बाबू के चेहरे पर गुलाबी रंग की एक 'मूंछ' बन गई। वह गुस्से में बाहर निकले, "किसकी शामत आई है?"

बाहर उनके पुराने दफ्तर के वही त्रिवेदी जी खड़े थे जिन्हें वह भाव नहीं देना चाहते थे। त्रिवेदी जी ने झट से पैर छुए और एक बाल्टी पीला रंग डालते हुए बोले,"सर, रिटायर आप हुए हैं, हमारा प्यार नहीं!" अगले दस मिनट में गजाधर बाबू का 'रूतबा' कीचड़ और गुलाल के नीचे दब गया। सुधा ने जब दो गिलास भांग वाली ठंडाई परोसी, तो गजाधर बाबू का सारा अनुशासन हवा हो गया। दोपहर तक वह हाथ में झाड़ू लेकर 'ढोलक' की तरह बजा रहे थे और मोहल्ले के लड़कों के साथ डांस कर रहे थे। शाम को जब उन्होंने शीशा देखा, तो पहचान नहीं पाए कि यह वही 'कड़क' ऑफिसर है या कोई मदमस्त फकीर। उन्होंने सुधा से कहा, "सुधा, ये जैकेट की कॉलर भले टूट गई हो, पर आज मन का कॉलर सीधा हो गया है!"

होली हमें सिखाती है कि जिंदगी को 'ब्लैक एंड व्हाइट' उसूलों में न जिएं। थोड़े रंग खुद पर भी गिरने दें और थोड़े दूसरों पर भी लगाएं। आखिर में याद वही रहता है जो दिल से खेला गया हो, बाकी सब तो 'बुसी हुई जैकेट' की तरह अलमारी में ही रह जाता है।

इतिहास के झरोखे से: सतयुग से द्वापर तक

होली का इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि हमारी संस्कृति। ऋग्वेद और जैमिनी सूत्र जैसे प्राचीन ग्रंथों में 'होलाका' का वर्णन मिलता है। लेकिन इसे लोकप्रियता मिली पौराणिक कथाओं से: प्रहलाद और भक्ति की विजय: यह सबसे प्रचलित आधार है। असुर राजा हिरण्यकशिपु का अहंकार जब चरम पर था, तब उसके पुत्र प्रहलाद ने 'सत्य' का मार्ग चुना। फाल्गुन पूर्णिमा की वह रात गवाह बनी कि आग की लपटें भी उस विश्वास को नहीं जला पाईं जो निस्वार्थ था। होलिका दहन आज भी समाज की बुराइयों को भस्म करने का प्रतीक है। श्रीकृष्ण की रास-लीला: द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने इसे रंगों का उत्सव बनाया। ब्रज की होली आज भी विश्व प्रसिद्ध है क्योंकि यहाँ रंग सिर्फ मिट्टी या गुलाल नहीं, बल्कि प्रेम का प्रतीक हैं। राधा और गोपियों के साथ कृष्ण की वह ठिठोली बताती है कि ईश्वर भी अपने भक्तों के साथ रंग खेलना चाहता है।

व्यंग्य : शादी में तो जाना पड़ेगा

डॉ किशोर अग्रवाल

"सुधा इस जैकेट की तो कालर टूट गई है, धत् यार! क्या ऐसी बुसी हुई जैकेट पहन कर जाऊं?"

" चले जाओ वहां कौन तुम्हारी कॉलर पलटकर देखने वाला है?"

"यार उसका बॉस रहा हूं , वहां और भी सबआर्डिनेट आएंगे। अच्छा थोड़ी न लगेगा कि रिटायर होने के बाद मैं इस तरह बुसे हुए कपड़े पहनता हूं!"

"जब मैं कहती हूं कि कोई ढंग के कपड़े ले लो तो तुममे तुम्हारे बाबूजी जाग जाते हैं, कि जीवन में जो जितनी सादगी से रहता है, वही आदर्श होता है, तब अब क्यों कड़क कॉलर की जैकेट चाहिये?"

" यार वह छोड़ो , कालर कड़क और जूते पालिश्ड हों तो आदमी का सारा लीचड़पन छुप जाता है।" " हा हा, अब तो यह लीचड़पन परमानेंट है जनाब जब से रिटायर हुए हो मैने तो कभी तुम्हे ढंग के कपड़े पहने नही देखा।"

"यह तो खैर कामवाली बाई से प्रेस करा देना,कुछ सुधर ही जाएगी। पर ये तो बताओ की इस त्रिवेदी के यहां शादी में जाना चाहिए कि नही?" "क्यो न जाने का विचार भला क्यों आ रहा है , हमारी मनु की शादी में तो वे सारे पहले से आ गए थे तभी हमने तय किया था कि इनके बच्चों की शादी में जरूर जाएंगे।"

"तब बात और थी सुधा! तब ये मेरा सबोर्डिनेट था ।इनका आना बनता था अपने यहां।कुछ गिफ्ट वगैरह दिया भी होगा तो बदले में मुझसे कुछ सहूलियतें भी पाई होंगी।"

"नही जी ये पति पत्नी बच्चों सहित बड़े मन से आए थे । मिसेज त्रिवेदी ने तो मुझे आधा काम भी नही करने दिया खुद ही काम निपटाती रही थी।"

"सुधा तुम भी ना, प्रैक्टिकल नही हो इमोशंस में आ जाती हो, सोचो अब हम रिटायर हो चुके हैं और आगे ये हमारे कुछ काम नही आने वाले।"

" मिसेज त्रिवेदी सोने का हाफसेट दे गई थी मनु को,और छोटे मोटे कई पेमेंट भी तो त्रिवेदी जी ही ने निपटा दिए थे, तुमतक तो लेनदारो को आने भी नही दिया था।"

÷वह भी तो मेरी ही बदौलत, मैने उसे मोस्ट पेइंग सर्किल भी तो दे रखा था।"

"वह तुम्हारी तुम जानो, मेरी भी तो प्रेस्टीज का सवाल है, कुछ ढंग का तो देना ही होगा।"

"ढंग का से तुम्हारा क्या मतलब है? मैं तो कहता हूं कि चलो कही बाहर की रवानगी डाल लेते हैं,तुम फोन करके तुम्हारे मायके वालों की बीमारी का बहाना बना देना कि बाहर हैं,आ नही पाएंगे।"

"तुम्हारा झूठ ढांकने के लिए मेरे मायकेवालों को बीमार तो मत बनाओ,तुम्हारी कोई सल्तनत नही लुट जाएगी जो थोड़ा सा खर्च कर लोगे।" "नाहक चार पांच हजार लग जाएंगे यार तुम समझा करो। इस माह वैसे भी बहुत खर्च हुआ है ,मनु की डेंटल क्लिनिक की चेयर में पूरे दो लाख लगे हैं।"

"तो क्या हुआ तुम्हारी ही बेटी पर ही तो खर्च हुए हैं, त्रिवेदीजी की जया भी तो बेटी ही है क्या हुआ जो बीस पच्चीस उस पर खर्च कर दोगे?" "पागल हो गई हो क्या? कहीं दिमाग तो नही फिर गया तुम्हारा?

मुझे तो यहां चार पांच ही भारी हो रहे हैं, तुम बीस पच्चीस कहकर मेरा ब्लड प्रेशर गिरा रही हो।"

"देखोजी मैने तो सोच रखा है कि या तो एक डबल डोर फ्रिज देंगे या माइक्रोवेव ओवन क्रॉकरी सेट के साथ।"

"यह बताओ क्या त्रिवेदी हमारा कोई रिश्तेदार है या कोई तुम्हारा मायकेवाला? बताओ यह हमारे किस काम आने वाला है , हां इसका ट्रांसफर भी तो उज्जैन हो रहा है वहां से ये हमारे क्या काम आएगा?"

"तुम तो कहते थे त्रिवेदी तुम मेरे छोटे भाई जैसे हो तुमसे मुझे बड़ा सहारा है। जया तुम्हारी दूसरी बेटी ही है।"

"अरे वह तो यदि वह चीफ सेक्रेटरी का रिश्तेदार न होता तो मैं उसे इतना भाव थोड़ी ना देता? सर्विस में सब सेटिंग करनी पड़ती है ,तुम ना समझोगी।अब एक क्रॉकरी सेट बढ़िया पैक कराते हैं , वही दे देंगे । शादी में कई आते जाते हैं फिर मिलना भी कहां है?"

"तो यह तुम्हारा बनावटी रूप था? मैं तो तुम्हे ऐसा न समझती थी,मैने तो मिसेज त्रिवेदी को अपनी छोटी बहन ही माना।÷

÷पर पेंशन तो मेरी खर्च होगी,तुम मानती रहो बहन।तुम्हारे इस बहनापे में मैं नप जाऊंगा।"

"तो मेरा मान कुछ भी नही? मैं क्या यूं ही फालतू हूं?"

"मैने तो तुम्हे बहन बनाने को कहा नही था।सरकारी संबंधों में पारिवारिक संबंधों का क्या काम?"

"तब तुम मेरा सहारा लेकर पी एस की वाइफको बहन बनाने क्यों गए थे और तुमने उस संबंध को खूब भुनाया भी।मनु की शादी भी उन्ही ने तो लगवाई थी।"

"वह तो मेरे बॉस थे यार आज भी काम आते हैं और आगे भी उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। ये त्रिवेदी किस काम आएगा भला? अगले साल पी एस साहब के बेटे की शादी होने वाली है तब कोई अच्छी सी चीज जरूर देंगे।आदमी देखकर खर्च करना पड़ता है।"

"तुम तो बड़े मतलबी हो जी ,अब तो मैं भी तुम्हारे किसी काम की नही रही तब मुझ पर भी खर्च क्यों करते हो?"

"तुम्हारी बात और है, तुम मेरे बच्चों की मां हो यदि तुमसे ठीक व्यवहार नहीं करूंगा तो मेरे बेटे बेटी भी तो मुझसे रूठ जाएंगे।"

"तुम्हारा यह रूप तो मेरे लिए एकदम नया है, शादी में तुम अकेले ही चले जाना।"

"ना, तुम्हे चलना होगा , वहां मेरे पुराने साथी और सबोर्डिनेट भी आएंगे तब मुझे पुराने रौब के साथ उनसे मिलना जुलना पड़ेगा तब तक तुम ये क्रॉकरी फराक्री मिसेज त्रिवेदी को टिका देना।"

अब !आ जाओ बृजबाला।

रोशन साहू

कोई रंग रहे ना तेरा- मेरा, रंग भी जैसे रंग जाएँ।
शेष रहे ना कोई भी अब, रंग सभी ही मिल जाएँ।।
गिर जाए दीवारें अब तो, हो चाहे कितनी बाधा।
ये जग कहता पूर्ण मुझे, तुझ बिन आधा मैं राधा।।

प्रेम नवांकुर अब तो फूटे,नव गीत अधर पर आए।
जंजीरें टूटे रीत की तब, प्रीत की घुँघरू बँध पाए।।
कभी हँसाता कभी रुलाता, रंगों का खेल निराला।
बाट जोहूँ पल-पल तेरा,अब आ जाओ बृजबाला।।

रहा प्रवासी जन्म से मैं तो,कहीं पाँव न टिक पाए।
नीरस लगता स्वर्ण सिंहासन,ऐश्वर्य कभी न भाए।।
सब ही कहते आप-आप,कोई तुम न कहने वाला।
भाल चूम अब गाल रंगा, हे वृषभानु कीर्ति बाला।।

मुख चूमे री! बयार बासंती, बस तुझको ही गाऊँ।
अधर धरूँ मैं बंशी फिर से, सरगम साँस सुनाऊँ।।
आ गलबहियाँ डार मुझे,है आतुर बाहों की माला।
रंग दीप सब फीकी राधे, बिन तेरे ये नन्द लाला।।

रंग चढ़े न श्याम रंग में,तू देती उलाहना सदा मुझे।
बन जाऊँ स्वयं ही राधा, या दे-दे अपना रंग मुझे।।
धत्त!चुनरिया बड़ी लजीली, नाचे कानों की बाला।
चंपा चमेली गुलाब गूँथू या,मैं ही बन जाऊँ माला।।

हों शाश्वत प्रेम उपासना,अर्थ क्या! निज मान का।
हो स्नेह की न याचना,प्राणों से परिणय प्राण का।।
छलिया-छलिया जग कहे, क्या मैं मन का काला।
अवनी अंबर रंग रंगा दें,आजा बरसाने की बाला।।'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिये कलहकारी रहेगा दिन के आरंभ से ही इससे बचने का प्रयास करेंगे लेकिन परिजन आज आपकी गलतिया खोज खोज कर गिनाएंगे आपने जो गलती की ही नही उसपर भी ताने सुनने को मिलेंगे।

वृषः आज के दिन आपमे धैर्य की कमी रहेगी। किसी भी कार्यो को लेकर पहले लापरवाही करेंगे बाद में उसे जल्दबाजी में करने पर कुछ ना कुछ कमी रह जायेगी।

मिथुनः आज का दिन कुछ ना कुछ अभाव के बाद भी संतोषजनक रहेगा। लेकिन महिलाए किसी भी बात को लेकर घर का वातावरण अशान्त बनाएंगी। दिन के आरंभिक भाग के अलावा अन्य समय बाहर ही शांति अनुभव होगी।

कर्कः आज के दिन आप अपनी ही धुन में रहेंगे। मन की ज्यादा सुनेंगे और करेंगे भी वैसा ही किसी का कार्यो में दखल देना कुछ ज्यादा ही अखरेगा जरासी बात पर नाराज हो जाएंगे।

सिंहः आज आपका व्यवहार पल-पल में बदलने से संपर्क में रहने वालों को परेशानी आएगी आप कहेंगे कुछ करेंगे उसके विपरीत ही।

कन्याः आज का दिन लाभदायक रहेगा कार्य क्षेत्र पर आज आपसे प्रतिस्पर्धा करने वाले बहुत रहेंगे फिर भी अपने हिस्से का लाभ थोडे बौद्धिक परिश्रम से प्राप्त कर लेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिये सिद्धि दायक रहेगा कोई भी कार्य करने से पहले उसके विषय मे बारीकी से अध्ययन करें आज थोड़े से परिश्रम से बड़ा कार्य पूर्ण कर सकेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन संभावनाओं पर ज्यादा केंद्रित रहेगा। परिश्रम करने में कमी नही रखेंगे फिर भी सफलता असफलता संपर्क में रहने वालों पर निर्भर रहेगी।

धनुः आज का दिन शारिरिक दृष्टिकोण से विपरीत रहेगा दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी सहयोग मिलने पर भी अधिकांश कार्य समय पर पूरा नही कर सकेंगे।

मकरः आपके लिये आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा आज दिन का आरंभिक भाग परिवार में मतभेद के कारण थोड़ा उदासीन रहेगा इसके बाद का समय सार्वजिनक क्षेत्र पर आपकी नई पहचान बनने से जीवन को नई दिशा मिलेगी।

कुंभः आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगा लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलेगा। आज अधिकांश कार्य किसी अन्य पर निर्भर रहने के कारण अधूरे रह सकते है जोर जबरदस्ती करने पर हानि ही होगी।

मीनः आज का दिन बौद्धिक कार्यो से सफलता दिलाएगा सामाजिक क्षेत्र अथवा गृहस्थ में आपके महत्त्वपूर्ण सुझाव मिलने से किसी ना किसी के जीवन को नई दिशा मिलेगी।

QUIZ TIME

1) भारत में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस किस दिन मनाया जाता है?

2) मैसूर के किस जन आंदोलन को पारंपरिक खेती पद्धतियों के संरक्षण के लिए 31वां डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार मिला?

3) सोनोब्वाय का प्राथमिक कार्य क्या है?

4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?

5) दुनिया का पहला देश कौन सा बना है जिसने डिएला नामक एक वर्चुअल सरकारी अधिकारी को एआई मंत्री के रूप में नियुक्त किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 16 जनवरी (2) सहजा समृद्धि (3) पानी के अंदर की आवाज़ों पर नज़र रखने के लिए (4) लॉर्ड डलहौजी (5) अल्बानिया

पहेली

शब्द सामर्थ्य -330

रायपुर में स्कूल निर्माण कार्यों की समीक्षा, पीएमश्री-शासकीय स्कूलों पर फोकस

8 मार्च से पहले मरम्मत कार्य पूरे करने के निर्देश, कलेक्टर बोले- देरी बर्दाश्त नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले के पीएमश्री और शासकीय स्कूलों में स्वीकृत निर्माण और मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि, सभी काम तय समय-सीमा में पूरा किए जाएं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त बैठक में उन्होंने फिनिशिंग स्तर पर चल रहे निर्माण, मरम्मत कार्यों और बालिका शौचालय निर्माण को 8 मार्च 2026 से पहले हर हाल में पूरा करने को कहा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि टेंडर आधारित और बड़े निर्माण कार्यों को अप्रैल 2026 के अंत तक पूरा किया जाए और किसी भी स्थिति में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य मदों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, जिला मिशन समन्वयक अरुण कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नए शिक्षा सत्र के पहले काम पूरे किए

कलेक्टर ने विशेष रूप से भूमि विवाद, डिस्मेंटल या अन्य कारणों से लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने से पहले सभी अधूरे काम पूरे कर लिए जाएं। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

न्यूज गैलरी

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा लालपुर में चला बुलडोजर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के लालपुर इलाके में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध तरीके बिल्डिंग बना ली गई। अब निगम की टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया

शुरू कर दी है। सरकारी जमीन पर बनी इस बिल्डिंग में करीब 9 से 10 निजी दुकानें संचालित हो रही थी। भवन के ऊपरी हिस्से में पीजी (पेइंग गेस्ट) भी चलाया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम के सभी 10 जोन की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। वहीं निगम का उड़नदस्ता, बुलडोजर और अन्य अमला भी बड़ी संख्या में तैनात है। निगम अधिकारियों ने पहले भवन को खाली कराया। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन का कहना है कि, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम का दावा है कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफअभियान लगातार जारी है। हाल ही में उरला-बीरगांव क्षेत्र में भी सड़क और फुटपाथ से अवैध कब्जे हटाए गए थे, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आगे भी बिना पूर्व सूचना के इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

बिल्डिंग में पीजी और 10 दुकानें बना ली गई थी, रायपुर निगम अतिक्रमण हटाने में जुटा

प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु चिकित्सा कर्मी बने प्रेरणा स्रोत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ चिकित्सा कर्मचारी श्री राजेश पटेल ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंगदान के लिए पंजीयन कर जन जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। श्री पटेल ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि ÷मुझे बड़ी खुशी है कि मैं इस पुनीत कार्य का हिस्सा बना, मेरा जाने के बाद कोई और भी स्वस्थ जीवन के सकेगा।÷ उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 88 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है, जिससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य से जुड़कर अंगदान का संकल्प लें। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु 9406049000 संपर्क नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन, संयुक्त संचालक पशु स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शंकरलाल उइके तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री प्रभात सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल, कलेक्टर ने अंगदान संकल्प लेने वाले कर्मचारी को किया सम्मानित

ग्राफ्टेड बैगन से 16 लाख की आमदनी

रायपुर/नवप्रदेश। किसान वैज्ञानिक पद्धति, उन्नत बीज और सही मार्गदर्शन के साथ खेती करें, तो कम भूमि में भी अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम करही के किसान चिंतामणि बंजारे ने नवाचार और आधुनिक तकनीक को अपनाकर खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया है। उन्होंने परंपरागत सब्जी खेती से आगे बढ़ते हुए उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में 10 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती कर लगभग 1100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। इस उत्पादन से उन्हें करीब 16 लाख रुपये की आमदनी हुई है। कृषक चिंतामणी ने बताया कि सामान्य फसल की तुलना में ग्राफ्टेड बैगन में लागत अपेक्षाकृत कम आती है, जबकि उत्पादन अधिक मिलता है, परिणामस्वरूप आय दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है। ग्राफ्टेड बैंगन की विशेषता इसकी मजबूत जड़ प्रणाली, रोग प्रतिरोधक क्षमता और अधिक उत्पादन है। पहले वे सामान्य सब्जियों की खेती करते थे, जिसमें लाभ सीमित और जोखिम अधिक था। किंतु उद्यान विभाग के प्रोत्साहन, तकनीकी सलाह और उन्नत पौध सामग्री के उपयोग ने उनकी खेती की दिशा ही बदल दी। उचित सिंचाई प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग और नियमित देखभाल से फसल की गुणवत्ता बेहतर रही, जिससे बाजार में उन्हें अच्छा मूल्य प्राप्त हुआ। आज वे आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं, बल्कि अन्य किसानों को भी उन्नत तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ग्राफ्टेड बैंगन की खेती ने उनके परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव में आधुनिक कृषि की नई सोच को भी प्रोत्साहित किया है।

जगदलपुर के वृहद किसान सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर से प्रदेश के 25 लाख किसानों को 10 हजार 328 करोड़ रुपए से अधिक राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित किया। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जगदलपुर के वीर सावरकर भवन में आयोजित आदान सहायता कार्यक्रम एवं वृहद किसान सम्मेलन से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर की राशि को एकमुश्त देकर किसानों की होली त्योहार की खुशी को दुगुनी कर दी है। राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए संवेदनशील होकर पहल कर रही है और वर्तमान बजट में भी उनकी सहायता के लिए अनेक किसान हितैषी प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों को उन्नत खेती किसानी के लिए सहूलियत होगी। उन्होंने सहकार से समृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने सहित लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के लिए सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों को हरसंभव मदद देने, सिंचाई संसाधनों को बेहतर बनाने प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां के निवासियों की आमदनी बढ़े और बस्तर की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने बस्तर की बेहतरी और तरक्की में समाज की व्यापक सहभागिता पर जोर देते हुए इस दिशा में सभी को मिलजुल कर कार्य करने का आव्हान किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक श्री किरण देव ने हल्बी में संबोधित करते हुए किसानों को होली त्योहार की हार्दिक बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार के निर्णय से किसानों के परिवारों में उत्सव का माहौल है उनकी होली की खुशियां बढ़ गई है। यह हमारी सरकार की किसान हितैषी सकारात्मक प्रयास है।

वीर सावरकर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जगदलपुर महापौर श्री संजय पांडे, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप, जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री कामदेव बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के 40,667 किसानों को 205.95 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। जिसमें मोटा धान पर 731 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है।

पॉवर कंपनी से सात अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंता सहित कुल सात अधिकारी-कर्मचारियों को गरिमामय वातावरण में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. गजपाल एवं मुख्य अभियंता श्री विनोद कुमार अग्रवाल को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। अपने उद्बोधन में शुक्ला एवं कंवर ने कहा कि गजपाल एवं अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण और कार्यकुशलता का परिचय दिया। कंपनी के विकास, परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों की कार्यशैली, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

स अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री गजपाल एवं मुख्य अभियंता श्री अग्रवाल ने अपनी सेवायात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें अपने सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सदैव सकारात्मक सहयोग, आत्मीयता एवं समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके लिए वे हृदय से आभारी हैं। इस अवसर पर ईडी सर्वश्री वी.के.साय, के एस मनोठिया, जे.एस.नेताम, एमएस चौहान, आरपी नामदेव, संदीप मोदी एवं मुख्य अभियंता सर्वश्री श्री संजय तिवारी, गिरीश गुप्ता, एम.जामुलकर, वी.के.दीक्षित, के.बी.पात्रे, श्रीमती शारदा सोनवानी, अब्राहम वर्गीस, संजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली बैठक, बैंकों और सीएसपीडीसीएल को प्रगति लाने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला रायपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों, सब्सिडी की स्थिति तथा स्थापित सोलर रूफ्टॉप सिस्टम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिले के सभी सीएसपीडीसीएल अधिकारियों को क्षेत्रवार प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने सभी बैंक वार लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को ऋण देने में विलंब न करें तथा एसबीआई को नाराजगी जाहिर करते हुए कहां की इस योजना को गंभीरता से लें एवं हितग्राहियों को योजना की जानकारी प्रदान करें । कलेक्टर ने आम नागरिकों को योजना का अधिकतम लाभ प्रदान करने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने, शिविरों का आयोजन करने तथा ग्राम एवं वार्ड स्तर पर प्रभावी प्रचार-प्रसार करने पर विशेष बल दिया।

नीला ने 79 वर्ष की आयु में की 10 हजार फीट की ऊंचाई से की स्काई डाइविंग

रायपुर/नवप्रदेश। सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती है। इस वाक्य को महाराष्ट्र मंडल की आजीवन सभासद प्रो. नीला इंगले ने सच कर दिखाया। महाराष्ट्र मंडल की आजीवन सभासद और नेशनल इंस्ट्रीट्यूट आफ इंजीनियरिंग की रिटायर्ड प्रोफेसर नीला इंगले ने लगभग 79 माह की आयु में 12 अप्रैल 2024 को इंग्लैंड में वाइल्टशायर ओल्ड सेरम एयर फिल्ड में 10 हजार फीट की ऊंचाई से स्काई डाइविंग कर अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा लिया। लिम्का बुक में इस आयु की प्रो. नीला भारत देश की पहली महिला हैं, जिन्होंने इतनी ऊंचाई से स्काई डाइविंग की हो। प्रो. नीला अपने सपनों को पूरा करने के लिए पांच साल पहले अपना पॉडकास्ट शुरू किया था। उन्होंने मराठी साहित्य की पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग शुरू की और अब तक उन्होंने 70 से अधिक एपिसोड बने लिए हैं। मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने प्रो. नीला इंगले को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

काशीराम बने ऊर्जादाता, 3 किलोवाट सोलर प्लांट से बिजली बिल शून्य

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर खैरागढ़,छुईखदान, गंडई जिले के नागरिक अब बिजली बिल के बोझ से मुक्त हो रहे हैं। इतना ही नहीं, वे अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर उसे ग्रिड में भेजते हुए ÷ऊर्जादाता÷ के रूप में नई पहचान भी बना रहे हैं।

केसीजी जिले के ग्राम टेकापार कला निवासी श्री काशीराम श्रीवास ने इस योजना का लाभ लेते हुए अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। सोलर पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त सब्सिडी के कारण सोलर प्लांट लगवाना पहले की अपेक्षा काफी सरल हो गया है।

3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये, कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस अनुदान के चलते आम नागरिक भी अब आसानी से सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं। श्रीवास ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 1000 से 1500 रुपये के बीच आता था, लेकिन अब जनवरी माह का बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने कहा, पहले हम बिजली के उपभोक्ता थे, अब योजना का लाभ लेकर ऊर्जादाता बन गए हैं।

धरसींवा तहसील में किया गया बी-1 का वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा तहसील के ग्रामों में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर बी-1 का वाचन किया गया। तहसीलदार श्री बाबूलाल कुर्रे ने बताया कि ग्राम टोर, ग्राम मेहरसखा, ग्राम बाना, ग्राम नागर गांव, ग्राम सिलियारी में ग्राम वासियों को बी-1 खसरा को पढ़कर सुनाया गया। इसका उद्देश्य त्रुटि सुधार करना है। वाचन के दौरन ग्राम वासियों को अपने जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिली जिससे वे नाम संबंधी अन्य त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

जल संरक्षण के साथ ही ग्रामीण आजीविका संवर्धन का प्रभावी माध्यम

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना : मजबूत हुई आजीविका की राह

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत ग्राम पंचायत औराबांधा में एक छोटी-सी पहल ने ग्रामीण आजीविका को नई दिशा दी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत हितग्राही किसान किशन सिंह के खेत में निर्मित "आजीविका डबरी" आज जल संरक्षण, सिंचाई और मछली पालन का सशक्त माध्यम बन चुकी है। हितग्राही किशन सिंह ने बताया कि पहले सिंचाई के लिए पानी की कमी बनी रहती थी, लेकिन अब डबरी बनने से खेत में वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा और मछली पालन से आय भी बढ़ेगी।

जिले में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में आजीविका डबरी न केवल जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण आजीविका संवर्धन का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है। योजना के तहत स्वीकृत 1.94 लाख रुपये की लागत से इस डबरी का निर्माण कराया गया। कार्य के दौरान कुल 792 मानव दिवस सृजित किए गए, जिससे स्थानीय मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिला और पलायन में कमी आई। निर्मित डबरी अब खेतों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। वर्षा जल संचयन और भू-जल रिचार्ज के माध्यम से सिंचाई सुविधा सुनिश्चित हुई है, जिससे खरीफ और रबी दोनों मौसमों में फसल उत्पादन की संभावना बढ़ी है। पहले जहां पानी की कमी के कारण फसल प्रभावित होती थी, वहीं अब किसान आत्मविश्वास के साथ बहुफसली खेती की ओर अग्रसर है।

साथ ही, डबरी में मछली पालन की योजना से अतिरिक्त आय का स्थायी स्रोत विकसित हो रहा है, जो परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रहा है। जिले में आजीविका संवर्धन की दृष्टि से आजीविका डबरी निर्माण की अभिनव पहल व्यापक स्तर पर क्रियान्वित की जा रही है। वर्ष 2025-26 हेतु कुल 285 डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 218 कार्य प्रारंभ हो चुके हैं और 20 पूर्ण किए जा चुके हैं। शेष कार्यों को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। यह पहल जल संरक्षण के साथ-साथ कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन को एकीकृत कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

रेडक्रॉस सोसाइटी से जुड़ने का आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है। संस्था से जुड़ने के लिए विभिन्न श्रेणियों में सदस्यता प्रदान की जाती है, जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25,000 रुपए, उप संरक्षक सदस्य के लिए 12,000 रुपए, आजीवन सदस्य के लिए 1,000 रुपए तथा वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

खैरागढ़ जिले के लिए बजट में विकास की बड़ी सौगात

खैरागढ़ / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के वार्षिक बजट में नवगठित खैरागढ जिले को विभागीय तौर पर बड़ी सौगातों मिली है। जिले में सडक़, पुल, सिंचाई, शिक्षा, सुरक्षा, पशुपालन और नगरीय विकास तक हर क्षेत्र के लिए प्रावधान किया गया है। जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने जिले में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवास गृहों के निर्माण हेतु बजट में राशि ,बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने जिले में साइबर थाना के संचालन हेतु पद स्वीकृत , जिला मुख्यालय में नगर सेना एवं अग्निशमन सेवा के लिए प्रशासनिक भवन निर्माण के साथ-साथ एक महिला एवं एक पुरुष बैरक के निर्माण , जिला जेल सलोनी में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए मुख्य दीवार की ऊंचाई में वृद्धि का प्रावधान किया गया है। जिले में परिवहन कार्यालय की स्थापना के लिए भी लगभग 15 से अधिक नए पद स्वीकृत किए गए है। जिले में विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्यों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सह तहसील कार्यालय के लिए कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण , उपसंचालक कृषि कार्यालय के लिए भवन निर्माण , जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के लिए संयुक्त कार्यालय भवन निर्माण , जिले में खेल अधिकारी, उप

अभियंता और सहायक अभियंता जैसे तकनीकी एवं प्रशासनिक पदों के सृजन की भी घोषणा की गई है।

नगरीय विकास के कार्य भी बजट मे शामिल नगर पालिका खैरागढ़ और नगर पंचायत छुईखदान में शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करते निकायों में सडक़ निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम, जलापूर्ति, पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही रोजगार, व्यापार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के कार्य शामिल हैं। ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक्र सिस्टम, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, जल संरक्षण, सुझाव एवं शिकायत निवारण प्रणाली तथा रिपोर्टिंग प्रणाली जैसे आधुनिक नागरिक सेवा कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपए आवंटित किए गए हैं। जिले में शिक्षा क्षेत्र के लिए समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परियोजना कार्यालय के लिए नए पदों , 14 प्राथमिक शालाओं धनेली, शेरगढ़, लिमतरा, पिपरिया, प्रकाशपुर, अवेली, चिंगली, चारभाठा, कटंगी खुर्द तथा छुईखदान ब्लॉक के संडी, हाथीझोला, लछना झिरिया,

उदान और खर्रा के सरकारी स्कूलों में प्रति भवन 11.48 लाख की लागत से नए कक्षाओं का निर्माण ,माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर देवरच्चा में हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख , झुरानदी और उदयपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख प्रति भवन बजट आवंटित किया गया है।

न्यूज गैलरी

दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने जिले में सर्वेक्षण

महासमुंद / नवप्रदेश जिले में निवासरत दिव्यांगजनों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जा रहा है। ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सकें। सर्वे के दौरान ऐसे दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया जाएगा, जिन्हें श्रवण यंत्र, दृष्टिबाधित सहायक उपकरण, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर एवं अन्य सहायक साधनों की आवश्यकता है। प्रत्येक हितग्राही का नाम, पता, दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत, आवश्यक उपकरण का विवरण तथा संपर्क नंबर सहित पूरी जानकारी संकलित की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं संबंधित नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देशित किया है कि सर्वेक्षण कर तैयार सूची 10 मार्च 2026 तक जिला कार्यालय समाज कल्याण महासमुंद में हार्ड कॉपी एवं एक्सेल शीट के रूप में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। सहायक उपकरण के लिए हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से समय-सीमा का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करने तथा पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

सुरखी स्कूल में न्योता भोज' का आयोजन

भाटापारा / नवप्रदेश। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और समुदाय की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित

'न्योता भोज' का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत सुरखी की सरपंच श्रीमती ज्योति घृतलहरे ने अपनी सुपुत्री कुमारी काजल घृतलहरे के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के लिए स्नेहपूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती ज्योति घृतलहरे ने स्वयं उपस्थित रहकर बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसा। उन्होंने बच्चों को जन्मदिवस की खुशियों में शामिल करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला परिवार और बच्चों ने भी कुमारी काजल को जन्मदिन की ढेर सारी बधाइयां और आशीर्वाद दिया। शाला प्रबंधन समिति, शिक्षकों -प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक वृंद ने सरपंच की इस संवेदनशीलता और पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और बच्चों को घर जैसा स्नेह प्राप्त होता है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण, 16 दुकानों पर चालान की कार्रवाई

महासमुंद / नवप्रदेश राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत आंवराडबरी एवं भीमखोज में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई डीपीएम श्रीमती नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी एन टी सी पी डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नबालिकों के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के अन्तर्गत कुल 16 चालान काटे गए। चालानी कार्रवाई में औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडेय, अवधेश भारद्वाज एवं पुलिस विभाग से आरक्षक रेस कुमार दीवान उपस्थित थे।

बैराज का स्वागत पर किसानों के साथ अन्याय हुआ तो करेंगे आंदोलन : अमर

महासमुंद / नवप्रदेश। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने बजट में सिरपुर-मोहमेला बैराज निर्माण हेतु 690 करोड़ रुपये के प्रावधान का स्वागत किया है। हालांकि,

उन्होंने इसके संचालन और उद्देश्य को लेकर गंभीर सवाल भी उठाया है। उन्होंने कहा कि यदि बराज का निर्माण किसानों, गरीबों और मजदूर वर्ग के हित में किया जा रहा है, तो इसका संपूर्ण संचालन जिला कलेक्टर महासमुंद एवं जल संसाधन विभाग के अधीन होना चाहिए। उन्होंने पूर्व की भाजपा सरकार के दौरान बने हरदी एनीकट का उल्लेख करते हुए कहा कि 8 करोड़ की लागत से बने इस प्रोजेक्ट से 240 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई देने का दावा किया गया था, लेकिन किसानों को लाभ नहीं मिल सका और एनीकट आज अनुपयोगी स्थिति में है। उस समय जल संसाधन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उद्घाटन में उपस्थित थे। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि बराज निर्माण का एक प्रमुख उद्देश्य औद्योगिक उपयोग, विशेषकर अडानी पावर को जल आपूर्ति करना है। सरकार के अनुसार इससे 27 करोड़ रुपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने पूर्व में बने समोदा-अछोला बराज का जिक्र करते हुए कहा कि डूबान क्षेत्र के किसानों को मुआवजा तक नहीं मिला।

कई बार हुए आंदोल, नहीं सुधरी पीएम सड़क

जर्जर सड़क पर फिसलकर जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा युवक

■ **परिवार का है इकलौता सहारा**

धरसीवां / कूंरा। उद्योगों के निरंतर चल रहे भारी वाहनों से जर्जर हुई चरोदा मोहदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ग्रामीणों के लिए जानलेवा बन गई है कई बार आंदोलन के बाद भी सड़क नहीं सुधरी ओर इसी सड़क पर फिसलकर अब एक युवक अस्पताल में जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है जो अपने परिवार का इकलौता सहारा है।

जानकारी मुताबिक सांकरा निवासी सूर्या टंडन किसी काम से मोहदी नगरगांव की तरफगया था रात्रि में जब वह वहां से सांकरा वापस आ रहा था तभी जर्जर प्रधानमंत्री सड़क पर टाडा की ओर टर्न होने वाले तिराहे पर ओवर लोड वाहनों से सड़क पर फैली धूल डस्ट में फिसल गया ओर गंभीर रूप से

घायल हो गया जहां वह जर्जर मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हुआ वहा अंधेरा भी था उसे बेहोशी की हालत में रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित नारायण अस्पताल में भर्ती किया गया जहां वह जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है।

पिता के बाद परिवार का इकलौता है सहारा-

जर्जर पीएम सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर जिंदगी ओर मौत से जूझ रहे सूर्या टंडन के पिता का कुछ साल पहले निधन हो चुका है उनके निधन के बाद से मां छोटी बहिन ओर एक विकलांग मंदबुद्धि भाई का वही एक सहारा है जो अब अस्पताल में बेंटिलेटर पर है

कई बार हो चुका सड़क निर्माण को आंदोलन-

चरोदा मोहदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बारह टन क्षमता की सड़क है जो ग्रामीणों के उपयोग के लिए बनाई गई थी लेकिन इस मार्ग पर टाडा मोहदी के आसपास तक करीब दर्जनभर औद्योगिक इकाइयों स्थापित है जिनके चालीस चालीस टन क्षमता के मालवाहक निरंतर इस पीएम सड़क पर दौड़ते हैं परिणाम स्वरूप ये सड़क जर्जर होकर ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक की जगह जानलेवा बन गई है स्कूली छात्र छात्राएं ग्रामीण किसान सभी इस सड़क पर औद्योगिक वाहनों से हला कान हैं जर्जर सड़क ओवर लोड से गिरता डस्ट आंखों में चुभता है जिससे अक्सर साइकिल ओर बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होते है

पीएम सड़क के पुनर्निर्माण ओर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर कई बार ग्रामीण आंदोलन कर चुके है बाबजूद इसके इस पीएम सड़क पर न तो औद्योगिक इकाइयों के भारी वाहन चलना बंद हुआ न ही इसका पुनर्निर्माण हुआ जिसके कारण आज एक युवक जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है

लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ाने इंडस्ट्री बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित

महासमुंद / नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को बढ़ाने और गति देने द(रैम्प) योजना अंतर्गत बुधवार को श्री अग्रसेन भवन पिथौरा में इंडस्ट्री बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख बैंकों छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना, प्रौद्योगिकी उन्नयन बाजार पहुंच क्रेडिट गारंटी योजना के लाभ के बारें में जानकारी दी। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के प्रावधानों, छूट एवं रियायतों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहन लाल साहू ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी बैंकों और उपस्थित उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मारवाड़ी युवा मंच 'ग्रेन सिटी' ने स्लम बच्चों के साथ मनाई खुशियों वाली होली

नन्ही मुस्कान के तहत दिये गुलाल रंग पिचकारी

भाटापारा / नवप्रदेश। बच्चों की एक छोटी सी मुस्कान दुनिया की सबसे बड़ी खुशी होती है। इसी निस्वार्थ भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए मारवाड़ी युवा मंच, ग्रेन सिटी शाखा द्वारा होली के अवसर पर नन्ही मुस्कान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शुक्रवार को संस्था के सदस्यों ने शहर के स्लम क्षेत्रों में पहुँचकर बच्चों के संग होली की खुशियाँ बांटीं। चेहरों पर बिखरी मुस्कान-कार्यक्रम के

अंतर्गत स्टेशन वार्ड (सर्कस मैदान के पीछे) और बस स्टैंड स्थित स्लम एरिया के नन्हे-मुन्नों के बीच होली उपहारों का वितरण किया गया। मंच द्वारा विशेष रूप से तैयार पैकेटों में रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटे, टोपी और बैलून के साथ-साथ खाने-पीने की सामग्री जैसे चिप्स, क्रैक्स, अनेक चॉकलेट और बिस्कुट शामिल थे।

शादी का झांसा देकर बालात्संग के आरोपी को 10 वर्ष की कारावास

भाटापारा/ नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर लगातार बालात्संग करने फिर शादी से इंकार करने वाले ग्राम सदभावां थाना नेवरा के निवासी अभियुक्त नेहरू लाल वर्मा को को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़िता ने दिनांक 16-03-2020 को थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी नेहरू लाल वर्मा मार्च 2019 से 06 जनवरी 2020 तक शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाकर शारीरिक शोषण किया तथा शादी करने कहने से विश्वासघात कर शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना सुहेला के द्वारा एफआई आर दर्ज कर गवाहों के कथन लेख, जप्ती, मुलाहिजा आदि घटना की विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय में सभी गवाहों के कथन लेखबद्ध किया गया तथा अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने अंतिम बहश में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया ताकि कोई भी आरोपी इस प्रकार का अपराध न करें । अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी नेहरू लाल वर्मा को धारा 376 भा. द. सं. में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रोशन सिंह राजपूत एवं शासन के लिए पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने किया है।

अध्यक्ष ने किया तालाब निर्माण के लिए भूमिपूजन

महासमुंद / नवप्रदेश। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम दारगांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 16 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से तालाब निर्माण के लिए भूमिपूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने किया। यह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के मार्गदर्शन में किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दारगांव उनका

अपना गांव है और यहां के एक बुलावे पर पहुंचना वे अपना कर्तव्य समझते हैं। उन्होंने कहा कि तालाब निर्माण जैसा पुण्य कार्य गांव के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि जहां कभी गर्मियों में ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता था और भूमिगत जलस्तर लगभग 350 फीट से नीचे चला गया था, वहीं अब यह तालाब वर्षा जल को संरक्षित कर सालभर उपयोग के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इससे न केवल पेयजल संकट दूर होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर भी सुधरेगा। अध्यक्ष ने तकनीकी दृष्टि से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए रोजगार सहायक और सरपंच को निर्देश दिए कि मेड़ की चौड़ाई व ऊंचाई का सही माप रखा जाए, ताकि वर्षा का पानी सुरक्षित रूप से संग्रहित हो सके और तालाब को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। साथ ही तालाब की गहराई पर्याप्त रखने पर भी बल दिया, जिससे लंबे समय तक जल संचयन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि इस तालाब की एक विशेषता यह भी है कि यह जंगल से लगा हुआ है, जिससे वन्य प्राणियों को भी पेयजल उपलब्ध होगा।

शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 2 पुल निर्माण के लिए मिले 7 करोड़

भाटापारा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में भाटापारा विधानसभा अंतर्गत 07 करोड़ की लागत से 02 वृहद पुल निर्माण कार्य की वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई.,इन राशियों से ग्राम मिरगी से तुरमा मार्ग 60 मीटर 03 करोड़ की राशि एवं ग्राम गुर्रा-जोगीद्वीप मेला स्थल मार्ग 70 मीटर 04 करोड़ की राशि से पुल निर्माण किया जाएगा। उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र वासियो की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया..गौरतलब है कि स्थानीय नागरिक लंबे समय से यहां उच्च स्तरीय पुल के निर्माण की मांग कर रहे थे। वर्तमान में रपटा पुल होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी तकलीफ होती थी । पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा।

पशुपालन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी है यादव समाज : इन्द्र साव

झेरिया यादव समाज के सभा भवन के लिए विधायक ने 10 लाख की घोषणा की

भाटापारा/ नवप्रदेश। झेरिया यादव समाज तरेंगा राज का वार्षिक अधिवेशन सिंगारपुर में संपन्न हुआ।इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक इंद्र साव ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सभा भवन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की,जिसका उपस्थित सामाजिक लोग ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जयसवाल कार्यक्रम के विशेष अतिथि थे द्य

ग्राम सिंगारपुर में आयोजित झेरिया यादव समाज के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा यादव समाज का इतिहास, परंपरा, परिश्रम और साहस के लिए जाना जाता है। भगवान श्री

कृष्ण की शिक्षाएँ और आदर्श हमें हमेशा सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।श्री साव ने आगे कहा कि यादव समाज ने देश के विकास और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज जरूरत है कि अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और एकता की ताकत दें। अगर सभी लोग एकजुटता के साथ मिलकर काम करेंगे तो समाज और अधिक मजबूत और प्रगतिशील बनेगा।

विधायक श्री साव ने कहा कि यादव समाज ने पशुपालन कर डेयरी व्यवसाय को पूरे क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। हमें अपने युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और समाज सेवा में आगे बढ़ें तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी संजोकर रखे, जब समाज एकजुट होता है, तब बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। यादव समाज की एकता अन्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सभा भवन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की,जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से घोषणा का सम्मान किया।

इसके पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने आये विधायक इंद्र साव का परम्परागत रूप से उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेश यदु,आशीष पुरोहित,विक्की ठाकुर,समाज के अध्यक्ष मन्नू लाल यादव,उपाध्यक्ष तिहारु यादव,सचिव शोभित यादव,कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव,जिला अध्यक्ष राकेश यादव,महामंत्री द्वारिका यादव,मंत्री मनहरण यादव,लेखपाल रामकुमार यादव सहित तरेंगा परिक्षेत्र के 127 गाँव के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

राधा-कृष्ण व सर्वमंगला स्व-सहायता समूह होली पर हरित व प्राकृतिक रंगों की बिखेर रही खुशबू

सक्ती/नवप्रदेश। होली के रंगों में इस बार एक खास खुशबू जिले में बिखर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला सक्ती में विकासखण्ड सक्ती के ग्राम पलाड़ी कला में राधा कृष्ण स्व-सहायता समूह और ग्राम जर्वे के सर्वमंगला स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किया जा रहा हर्बल गुलाल पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की सुंदर मिसाल बनकर उभर रहा है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों से बचाव और सुरक्षित होली के उद्देश्य से समूह की महिलाए पूरी तरह प्राकृतिक चीजों से गुलाल निर्माण कर रही है, जिसकी बाजार में जबरदस्त मांग देखी जा रही है। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए समूह द्वारा चुकंदर से गुलाबी, हल्दी से पीला, पालक से हरा रंग निकाला जा रहा है तथा लेमन ग्रास ऑयल की प्राकृतिक सुगंध मिलाकर आकर्षक पैकेजिंग में हर्बल गुलाल तैयार कर रही है। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी है। सक्ती जिलेवासी विकासखण्ड सक्ती के ग्राम पलाड़ी कला में राधा कृष्ण स्व-सहायता समूह और ग्राम जर्वे के सर्वमंगला स्व सहायता समूह व जिला पंचायत कार्यालय से संपर्क कर आकर्षक हर्बल गुलाल खरीद सकते हैं। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन द्वारा सक्ती जिले में हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ साथ स्टॉल की

व्यवस्था एवं सी.एल.एफ. बैठकों के माध्यम से विक्रय सुनिश्चित किए जाने से उत्पाद को बेहतर बाजार उपलब्ध हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार लगभग दो क्विंटल निर्मित हर्बल गुलाल की बिक्री हाथों-हाथ हो रही है। त्यौहारी उत्पाद निर्माणकर्ता राधा कृष्ण स्व-सहायता समूह की सदस्य पुष्पा दीदी बताती हैं कि 'हर्बल गुलाल पूरी तरह सुरक्षित है। इसे स्थानीय भाजी के रंग, चुकंदर और हल्दी से तैयार कर आकर्षक पैकिंग के साथ अच्छे दाम में विक्रय किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण और प्रशासन का सहयोग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो तथा जिला पंचायत सीईओ वासु जैन के सहयोग से समूहों को व्यापक प्रचार-प्रसार, स्टॉल और सीएलएफ बैठकों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया गया है। समूह की सदस्य पुष्पा दीदी के अनुसार हर्बल गुलाल, राखी और दिवाली गिफ्ट हैम्पर जैसे उत्पाद अब उनकी सतत आय का साधन बन चुके हैं। इस पहल ने न केवल सुरक्षित होली का संदेश दिया है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत मिसाल भी पेश की है।

न्यूज गैलरी

कोयला कहां से लाते हो पूछने पर बाइक सवार को पीटा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। कोयला तस्करी करने में बाइकर्स गैंग सक्रिय हैं। खनिज राजस्व पुलिस के अथक प्रयासों के बाद भी कोयला चोरी पर पहरा नहीं लग पाया है। बोरे में अवैध कोयला भरकर छल्ली लगाया देख एक बाइक सवार शिक्षक ने जब दो कोयला तस्करो से पूछा कोयला कहां से लाते हो तो दोनों पूछने वाले शिक्षक पर भड़क उठे और उसके साथ जमकर मारपीट किया इतना ही नहीं बाइक को तोड फोड़ किया। दरअसल घटना थाना क्षेत्र लखनपुर के ग्राम तूंगा का है 25 फरवरी को प्रार्थी शिक्षक साधन सिंह वल्द केदाराम उम्र 54 वर्ष जाति कंवर साकिन ग्राम कोसगा अपने रिस्तेदारो के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था बाइक में सवार होकर रात करीब 9.30 बजे आप अपने गृहग्राम लौट रहा था रास्ते में प्रेम पिता दलवीर एवं प्रिंस पिता चमन दोनों निवासी ग्राम तूंगा आमापारा आग ताप रहे थे आवेदक शिक्षक कुछ देर के लिए आग के पास ठहर गया देखा बोरो में कोयला भरा पड़ा हुआ है उत्सुकतावश पूछ लिया कोयला कहां से लाते हो ?बस इतना सुनना था कि दोनों व्यक्ति भड़क उठे और शिक्षक की पिटाई कर दी। शिक्षक साधन सिंह ने 26 फरवरी दिन गुरुवार को थाना उपस्थित आकर दोनों बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है लखनपुर पुलिस मामले में धारा सदर 296 (बी),115(2),324(2) 3(5) बीएनएस क़ायम कर विवेचना करने जुटी है।

बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को मारी ठोकर, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम माजा उपर पारा में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने दूसरे बाइक सवार को जबरदस्त ठ़ोकर मार दिया। जिससे बाइक मे सफर कर रहे चन्द्र भान अगरिया 18 वर्ष एवं उसके पिता बचन अगरिया सकूनत ग्राम माजा थाना लखनपुर ज़मीन पर गिर कर बुरी तरह से घायल हो गये।घटना 27 फरवरी दिन शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आवेदक अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल सायकल में सवार होकर मैदा मिल जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में ग्राम माजा स्कूल पारा के पास जैसे पहुंचे थे सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने तेज़ एवं लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते ठोकर मार फरार हो गया। दोनों पिता पुत्र को गंभीर चोट लगी है। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। लखनपुर पुलिस ने धारा सदर 281,125 (ए) बीएनएस क़ायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

कांग्रेस व मुस्लिम समुदाय और भाजपा बीएलए ने थाने में दिया आवेदन

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के नगर पंचायत लखनपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण SIR की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है । लेकिन कई पीढियां से निवासरत विशेष समुदाय के लोगों के मतदाता सूची से नाम विलोपित करने फॉर्म 07 भरने का मामला सामने आया है। मामले की संज्ञान में आने के बाद लखनपुर कांग्रेस कमेटी ,मुस्लिम समुदाय और भाजपा बीएलए के द्वारा फर्जी तरीके से फॉर्म 07 भरने के मामले को लेकर 27 फरवरी दिन शुक्रवार को थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करने थाना प्रभारी को एक दरखास्त पेश की गई। दरखास्त में उल्लेख किया गया है कि लखनपुर नगर पंचायत में कई पीढियां से निवास करने वाले 75 मतदाताओं का नाम विलोपित करने के मकसद से दुर्भावना पूर्ण भावना से विशेष समुदाय का फॉर्म 07 भरकर जमा किया गया है। जबकि मतदाता सूची से नाम नहीं काटा गया है किंतु गंभीर तथ्य है कि उक्त फॉर्म 07 केवल दो व्यक्तियों के द्वारा एक विशेष समुदाय के मतदाताओं को चयनित करते हुए आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। मुस्लिम समुदाय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लखनपुर थाने में एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी को आवेदन देकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई किये जाने मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करते हुए न्यायालय का रास्ता अख्तियार करने बात कही गई है। ज्ञापन देने के दौरान अंजुमन गोसिया कमेटी सदर हाजी मोहम्मद इदरीश खान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष लखनपुर रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव ,सूरज सिंह पैकरा पार्षद बबलू मझवार, बीएलए अशफाक खान कांग्रेसी कार्यकर्ता मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

एनीमिया के रोकथाम एवं नियंत्रण के सम्बन्ध में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत एनीमिया मुक्त सरगुजा के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों में एनीमिया बीमारी के रोकथाम हेतु 01 वर्ष से 19 वर्ष के किशोर (लड़के और लड़कियों) को जागरूकता एवं बचाव हेतु विकासखण्ड बतौली, लुण्ड्रा, सीतापुर एवं मैनपाट के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. एस. मार्को एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बच्चों में एनीमिया के रोकथाम एवं नियंत्रण के सम्बन्ध में शिक्षण संस्थान के शिक्षकों हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से मास्टर ट्रेनर सिकल सेल नोडल डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान के द्वारा प्राथमिक,माध्यमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षक, व्याख्याता को एनीमिया 01 वर्ष से लेकर 19 वर्ष के किशोर में रोकथाम एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विकासखंड बतौली का कलेक्टर ने किया दौरा

*** संस्थानों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सुविधाओं का ली जायजा**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल के साथ बतौली विकासखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सुविधाओं का आकलन करने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत दौरे के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र करदना पहुंचे।

उन्होंने यहां स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं संसाधनों एवं चिकित्सकीय उपकरणों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।विकासखंड में कार्यरत अधिकारी- कर्मचारियों का मुख्यालय में निवास करने एवं निर्धारित समय में उपस्थित होकर अपने दायित्व का निर्वहन करने निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पीडीएस दुकान करदना का अवलोकन किया तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार राशन वितरण हो, हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस पर विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने हाईस्कूल करदना पहुंचकर बच्चों से मिले तथा शिक्षा गुणवत्ता पर फीडबैक लिया। उन्होंने प्रार्थना के समय बच्चों को 30 सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी सम्बन्ध में अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिए।

उन्होंने न्यूज डेस्क की व्यवस्था का भी अवलोकन किया तथा प्रतिदिन बच्चों को दो से तीन पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन करवाने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़े और दिन-प्रतिदिन के समाचार के बारे में जानकारी रहे। उन्होंने अंग्रेजी भाषा का एक समाचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय करदना का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम भटको का किया निरीक्षण

कलेक्टर वसंत ने पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम भटको का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से मिलकर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने शयन कक्ष, आश्रम परिसर, किचन आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आश्रम में भोजन बनाने हेतु गैस कनेक्शन दिलवाने के निर्देश दिए।

7 महीने बाद भी चैन स्नैचिंग का खुलासा नहीं

अब पुलिस अधीक्षक के दखल के बाद जगी उम्मीद

सक्ती/नवप्रदेश। शहर के बीचों-बीच हुई लूट की एक वारदात को सात महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कार्रवाई में हो रही देरी से परेशान पीड़ित परिवार ने अब पुलिस सक्ती अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से गुहार लगाई है, जिसके बाद मामले में जांच की सुगबुगाहट तेज होने की उम्मीद है।बात दे बीती 5 अगस्त 2025 को वार्ड नंबर 15 की निवासी श्रीमती सरोज देवी अग्रवाल अपने किसी परिचित से मिलने जा रही थीं।

इसी दौरान उनके घर के पास वाली गली में ही दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उनके गले से सोने की चैन झपट ली और रफूचक्कर हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे नगर में दहशत फैल गई थी। घटना के तत्काल बाद सक्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अबपीड़ित परिवार का आरोप है कि बीते सात महीनों में वे दर्जनों बार थाने के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल 'जल्द गिरफ्तारी' का आश्वासन ही मिला। परिवारजनों का कहना है कि पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण अपराधी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं।

एसडीओपी को सौंपी गई कमान

अब जब श्रीमती सरोज देवी अग्रवाल के परिजनों ने सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस पुराने मामले का निपटारा करने के लिए इसकी जिम्मेदारी तत्काल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (स्ष्ठह्वक्क) को सौंप दी है। बड़ा सवाल यह है की क्या सात महीने पुराने इस मामले में पुलिस अब कोई ठोस सुराग जुटा पाएगी नगरवासियों की नजरें अब अनुविभागीय पुलिस अधिकारी की कार्रवाई पर टिकी हैं।

प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिसमें आज प्रथम दिवस प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, मकान गणना एवं आगामी जनसंख्या गणना के कार्यों को सुव्यवस्थित, सटीक एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने हेतु अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर कटारा ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों का उपयोग देश के विकास व जनकल्याण हेतु नीति और कार्यक्रम बनाने में किया जाता है। कलेक्टर ने आंकड़ों की शुद्धता और सटीकता पर विशेष जोर देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ करने को कहा, ताकि सही और विश्वसनीय आंकड़े मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर संयुक्त निदेशक दीपक गोदे तथा जनगणना नोडल अधिकारी बैद्यनाथ कुमार एवं मोहित तिवारी ने प्रथम चरण में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, जेसीबी और ट्रैक्टर जब्त

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में अवैध उत्खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग की टीम ने हसदेव नदी के चैनपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को खनिज उड़नदस्ता दल ने दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन में लिप्त 01 जेसीबी और 02 ट्रैक्टरों को रंगे हाथों पकड़ा और उन्हें जब्त कर लिया। जिला खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को लगातार हसदेव नदी से अवैध रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में उड़नदस्ता दल द्वारा अचानक निरीक्षण किया गया, जहाँ ये वाहन अवैध खनन करते पाए गए। इन वाहनों के विरुद्ध 'खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957' के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले के किसी भी क्षेत्र में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में यह अभियान और भी तेज किया जाएगा।

पशु चिकित्सा विभाग के सहायक ग्रेड-2 पर एफआईआर दर्ज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग, अम्बिकापुर जिला सरगुजा में शासकीय राशि के गबन के गंभीर मामले में थाना सिटी कोतवाली अम्बिकापुर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उप संचालक डॉ. आर.पी. शुक्ला द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर सहायक ग्रेड-02 एवं प्रभारी लेखा शाखा प्रदीप कुमार अम्बष्ट के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालयीन अभिलेखों के परीक्षण के दौरान वित्तीय अनियमितता की आशंका पर पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं जिला पशु रोगी कल्याण समिति की राशि सहित कुल 1,07,84,340 रुपये शासकीय बैंक खातों में जमा न किए जाने की पुष्टि की गई।

खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना प्रदेश का पहला टीकाकरण सेंटर

■ एचपीवी टीकाकरण अभियान' का शुभारंभ

एमसीबी/खड़गवां/नवप्रदेश। जनस्वास्थ्य की दिशा में एक शुरुआत छत्तीसगढ़ में सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का भव्य शुभारंभ खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इस अभियान का आगाज किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े, वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने केंद्र का फीता काटकर प्रदेश स्तरीय अभियान की विधिवत शुरुआत की। इस अभियान के तहत खड़गवां की 5 बालिकाओं को प्रदेश का पहला टीका लगाया गया, जिन्हें स्वास्थ्य मंत्री ने प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अभियान के प्रथम चरण में 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को कवर किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि लगभग 4000 की लागत वाला यह टीका राज्य सरकार द्वारा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

कैंसर मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प

संबोधन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 'जिस तरह हमने देश से पोलियो को जड़ से खत्म किया, उसी तर्ज पर अब सर्वाइकल कैंसर को मात देने का लक्ष्य है।' जिले के ष्टरूहृह्र डॉ. खरे ने बताया कि एमसीबी जिले में चिन्हित 4000 बालिकाओं का टीकाकरण शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पहल में मितानिन बहनों और स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अहम होगी ताकि दूरस्थ क्षेत्रों तक जागरूकता फैलाई जा सके।

आयोजन महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी, राम मंदिर से राधाकृष्ण मंदिर तक गूंजे जयकारे

सक्ती में खाटु श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकली

सक्ती/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में खाटु श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सिर पर ध्वज धारण कर श्रद्धालु महिलाएं पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुईं। वहीं नगर के युवाओं और बच्चों ने भी बाबा का ध्वज लेकर यात्रा को भक्तिमय बना दिया।

निशान यात्रा की शुरुआत राम मंदिर से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर तक पहुंची। यात्रा राम मंदिर से निकलकर हटरी चौक, साईं मंदिर, नवधा चौक, अग्रसेन चौक, गौरव पथ, हटरी रोड, दुल्हन साड़ी सेंटर और एनएच-49 मार्ग से गुजरती हुई आगे बढ़ी। पूरे मार्ग में 'खाटु श्याम बाबा की जय' के जयघोष से वातावरण गूंजायमान रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए थे। लखन शर्मा, बंसल प्लास्टिक, नंदकिशोर अशोक कुमार कपड़ा, कैलाश चंद भोलाराम कालू सहित अन्य समाजसेवियों द्वारा जलपान, ठंडा पेय, आइसक्रीम एवं पानी की समुचित व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के बीच इन व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली।

राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने खाटु श्याम बाबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा भव्य आरती में भाग लिया। आरती के पश्चात खाटु श्याम बाबा समिति के अध्यक्ष अशोक बंसल एवं उनके सहयोगियों द्वारा मंदिर परिसर में जलपान की व्यवस्था की गई। सायंकाल भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही कीर्तन-भजन का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। मंदिर परिसर में देर शाम तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे और भजनों का आनंद लेते रहे। पूरे आयोजन ने नगर में आध्यात्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

कृषक उन्नति योजना पर सियासत तेज, पोस्टर से डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्री की फोटो गायब

विपक्ष ने साधा निशाना

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज 'कृषक उन्नति योजना' के तहत प्रदेश के लाखों किसानों के खातों में धान के अंतर की राशि (आदान सहायता) अंतरित की जा रही है। लेकिन इस सरकारी उत्सव के बीच लोरमी विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। यहाँ आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम के पोस्टरों से क्षेत्रीय विधायक व उपमुख्यमंत्री अरुण साव और नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री तोखन साहू की तस्वीरें गायब होने पर विपक्ष ने तीखा हमला बोला है।पोस्टर विवादः अपनों की ही अनदेखी-लोरमी के 'मानस मंच' में आयोजित इस वृहद किसान सम्मेलन के मुख्य बैनर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तस्वीरें तो प्रमुखता से दिख रही हैं, लेकिन लोरमी के ही जन-प्रतिनिधियों उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू की फोटो नदारद है। इस

घटनाक्रम पर विपक्ष ने तंज कसते हुए इसे ÷सत्ताधारी दल के भीतर की आपसी खींचतान और गुटबाजी÷ करार दिया है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि जब सरकार अपने ही बड़े मंत्रियों और क्षेत्रीय विधायक को प्रोटोकॉल में जगह नहीं दे पा रही है, तो वह आम जनता और किसानों के प्रति कितनी गंभीर होगी?

राशि की 'टाइमिंग' पर सवाल

किसानों को होली में मिलेगी मदद-कार्यक्रम के दौरान किसानों के बीच एक और चिंता चर्चा का विषय बनी रही। आज 28 फरवरी है और कल 1 मार्च (रविवार) को बैंक अवकाश है। इसके तुरंत बाद होली का त्योहार है। किसानों का कहना है कि राशि आज अंतरित तो की जा रही है, लेकिन बैंकों की छुट्टी के कारण वे इसे समय पर निकाल नहीं पाएंगे। सरकार ने वाहवाही लूटने के लिए आज का दिन तो चुन लिया, लेकिन यह नहीं सोचा कि कल छुट्टी है। त्योहार की खरीदारी के लिए हमें नकद राशि की जरूरत है, जो अब शायद सोमवार से पहले संभव नहीं होगी।

भागवत साहू, स्थानीय किसान

न्यूज गैलरी

मुंगेली में भारतीय जनता युवा मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की अनुशंसा पर युवा मोर्चा के जिला मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी अक्षय लहरे को सौंपी गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश साहू द्वारा जारी सूची में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न दायित्वों का वितरण किया गया है। इसी क्रम में युवा मोर्चा जिला मुंगेली के जिला मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी अक्षय लहरे को सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस नई टीम के माध्यम से जिले में भाजपा की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ का 23वां अधिवेशन भुवनेश्वर में संपन्न

मुगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा अपना 23वां वार्षिक अधिवेशन उड़ीसा की राजधानी भुनेश्वर में आयोजित किया गया आयोजन में देश के 17 राज्यों से आए 1500 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया छत्तीसगढ़ से भी प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासंघ के महासचिव धनेश सोलंकी के नेतृत्व में मुंगेली से 12 सदस्यों सहित दुर्ग से 26 बेमेतरा बिलासपुर कोरबा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया उल्लेखनीय है कि मुंगेली के वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष सोलंकी को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सम्मान के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्य किए जाने के फल स्वरुप उत्कृष्ट वरिष्ठ नागरिक सम्मान (ग्रामीण पुरुष वर्ग) का मराठवाड़ा केसरी श्री अन्ना साहब गवाने पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।सोलंकी ने अपने उद्बोधन में वरिष्टों के अधिकार सुरक्षा एवं सम्मान के लिए जो बातें कही वह विचारणीय है आज के समय में दो पीढ़ियों के बीच जो दूरी बढ़ती जा रही है उसे कम कर सामंजस्य बनाने की सलाह दी ।इस अधिवेशन के राष्ट्रीय मंच में हमारे गौरवशाली राज्य छत्तीसगढ़ की महान कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व मुंगेली के चेतन वरिष्ठ महिला संघ ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत तथा नृत्य से मन मोह लिया। जिसकी सभी ने सराहना की। अधिवेशन में प्रमोद पाठक लवबीर गुप्ता हरि राम साहू, श्रीमती उमा शर्मा, मंजू सोलंकी अनीता गुप्ता प्रमिला चौरसिया रेवती तंबोली अलका गुप्ता प्रमिला गुप्ता और सुरेखा सोनी ने भाग लिया।

ग्राम कोदवामहंत से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम कोदवामहंत में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी सुरेश जायसवाल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त प्रभारी अमित शाह एवं अन्य अधिकारी शामिल रहे।

पीएमश्री योजना के तहत विद्यालयों का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के पीएमश्री विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम ने पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोढ़ार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा स्वच्छ एवं प्रेरक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। इसी तरह पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना का जिला मिशन समन्वयक अशोक सोनी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय व्यवस्था, मध्याह्न भोजन एवं छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से संवाद कर सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

सजा होली बाजार, रंग-गुलाल और पिचकारियों की बढ़ी रौनक

मुगेली/नवप्रदेश। होली पर्व नजदीक आते ही बच्चे और युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर बाजार सजधज कर तैयार तो हो गया है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रहलाद रूपी होली का बांस गाड़ कर लकड़ियां इकट्ठी करना शुरू हो गया है, तो वहीं इस बार होली के सामान के बिक्री के लिये तैयार है। शक्कर से बनाई जाने वाली माला हरवा एवं रेडीमेट कपडो की दुकानो में भीड़ नजर आ रही है। होली पर्व को देखते हुए रंग, गुलाल व पिचकारी दुकान के लिए कोई स्थान निर्धारित तो नहीं किया गया है।

इसी वजह से पर्व के लिए सड़क किनारे लगी होली की दुकानों को छूट दी गई है। लेकिन कुछ मापदंडों का पालन करना होगा। इसमें दुकानें सड़क के दायरे से बाहर लगने चाहिए और दुकानदारों को पार्किंग की व्यवस्था

पुख्ता करनी होगी, ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति न बने। होली पर्व में कुछ ही दिन शेष रह गया है। ऐसे में इसके लिए बाजार भी लगना शुरू हो गया। हर बार मुख्य गोल बाजार, पडाव चौक, बालानी चौंक, पुरान बस स्टैंड, नया बस स्टैंड और सदर बाजार में होली बाजार सहित मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे रंग गुलाल एवं पिचकारियों दुकाने लगी हुई है। इस बार मोटू-पतलू जैसे कार्टून कैरेक्टर की पिचकारिया के साथ-साथ शाहरूख-सलमान और हनी सिंग के बाल ब्रिक्री के लिए आए हुए है। रंग गुलाल में हर्बल गुलाल एवं तोता ब्राण्ड पसंद किये जा रहे है। रंग गुलाल पिचकारी से होली बाजार में रौनक छाई हुई है। पिचकारियों में गन, टैंक पिचकारी के अलावा डाइनोसार टेडी बियर पिचकारी बच्चों को लुभा रही है। तरह-तरह की आवाज निकालने वाले भोपु भी बच्चो को लुभा रहे है। होली में अजब-गजब रंग भरने के लिये तरह-तरह की टोपियॉ बाजार में ब्रिक्री के लिए उपलब्ध है। मलिंगा की चोटीनुमा बाल भी लोगो द्वारा पसंद की जा रही है। हर्बल रंग, नई पिचकारी और अन्य होली की सामान से दुकानदार अपनी दुकान की शोभ बढा रहें है। अब होली के दौरान हर्बल रंग पर जोर दिया जा रहा है, जो त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। ऐसे में इस बार बाजार मे कई तरह के अनिकारक हर्बल रंग बाजार में नजर आएगा। वहीं बच्चों के लिए नई-नई तरह की पिचकारी की रेंज बाजार में उपलब्ध रहेगी। यह इस पर्व का खास आकर्षण रहेगा। फाल्गुन मास के शुरू होते ही फिजां की रंगत बदल जाती है। पेड़ों से पत्ते गिरने लगते हैं और नयी कोपलों से उठने वाली भिनीं सुगंध तथा पेंड़ों के नये-नये हरे पत्ते बसंत ऋतु के आगमन और होली उत्सव का संकेत देने लगते हैं।

एसएनसीयू स्टाफ के लिए कार्यशाला आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यशाला में आईकेएमसी प्रोजेक्ट के तहत एसएनसीयू ड्यूटी आबंटन और एसएनसीयू हैंडओवर प्रक्रियाओं से संबंधित प्रमुख संचालनात्मक एवं नैदानिक समन्वय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण एवं चर्चा का संचालन एम्स रायपुर रिसर्च ऑफिसर आंचल सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. एमके राय साथ ही बाल रोग विशेषज्ञ एवं एसएनसीयू नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप जायसवाल, डॉ. मधु ध्रुवा, डॉ. अवधेश कश्यप, डॉ. निखिल यादव तथा एसएनसीयू नर्सिंग इंचार्ज सुश्री नैन्सी सिंह भी उपस्थित रहीं। सत्र में आईकेएमसी प्रोजेक्ट पर विशेष जोर दिया गया। जिसका उद्देश्य इमीडिएट कंगारू मदर केयर के माध्यम से नवजात मृत्यु दर को कम करना है। इसके साथ-साथ एसएनसीयू स्टाफ के बीच संरचित ड्यूटी वितरण पर चर्चा की गई, ताकि जवाबदेही और कार्यप्रवाह सुचारु बना रहे, तथा मानकीकृत हैंडओवर प्रोटोकॉल लागू किए जा सकें। जिससे नवजात देखभाल की निरंतरता बनी रहे और क्लिनिकल त्रुटियां कम हों। दस्तावेजीकरण पद्धतियों को सुदृढ़ करने, शिफ्ट परिवर्तन के दौरान प्रभावी संचार सुनिश्चित करने और आईकेएमसी ढांचे के अंतर्गत क्लिनिकल प्रोटोकॉल के पालन हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन एवं उदाहरण साझा किए गए। चर्चा का समापन शंकाओं के इंटरएक्टिव समाधान के साथ हुआ तथा बेहतर नवजात परिणामों के लिए समन्वित टीमवर्क, सटीक रिपोर्टिंग और एसएनसीयू दिशानिर्देशों के कड़ाई से पालन के महत्व को पुनः रेखांकित किया गया।

डीजीआरसी की बैठक आयोजित, स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शिकायत निवारण समिति डीजीआरसी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में आयुष्मान के निरस्त क्लेम संबंधित, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड पंजीयन, आभा आईडी पंजीयन मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष, सड़क सुरक्षा योजना नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट से संबंधित प्रकरण की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने कहा कि

शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों को आयुष्मान क्लेम संबंधित दस्तावेजों को पूर्ण रूप से भरा जायें ताकि राज्य स्तर से जिले द्वारा किये गये क्लेमों में आपत्ति न हो। निजी चिकित्सालयों को विशेष रूप से आदेशित किया गया कि भर्ती मरीजों का शत प्रतिशत उपचार आयुष्मान भारत योजनांतर्गत किया जायें। योजना में पात्रता रखने वाले किसी भी हितग्राही से अतिरिक्त राशि न लिया जाये। बैठक में जिला चिकित्सालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ को आयुष्मान क्लेन से संबंधित दस्तावेजों को पूर्ण रूप से अद्यतन कर पोर्टल में अपलोड कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में आहत व्यक्तियों के लिये 1 लाख 50 हजार रूपये तक का मुफ्त उपचार देने हेतु राज्य स्तर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त स्टाफ द्वारा जानकारी लिया गया।

जिला स्तरीय सामाजिक सुरक्षा कैंप का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय सामाजिक सुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि कैंप में एचआईवी/एड्स के साथ जीवन यापन कर रहे लोगों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान निःशुल्क बस पास, अंत्योदय कार्ड, सुखद सहारा पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,

महतारी वंदन योजना, नोनिहाल सुरक्षा योजना, कौशल विकास योजना तथा जिला अंत्यावसायी योजना के तहत सब्सिडी आधारित व्यवसाय जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया और लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। एचआईवी/एड्स से संबंधित आवश्यक सावधानियों, नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर एआरटी दवा लेने, संतुलित एवं पोषक आहार अपनाने तथा हेपेटाइटिस बी-सी, टीबी एवं अन्य मौसमी संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, किसी भी प्रकार के भेदभाव की स्थिति में लिखित शिकायत दर्ज कराने और टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी साझा की गई।

फाइलेरिया रोग से बचाव और जागरूकता पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित सामूहिक दवा सेवन अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता और घर-घर पहुंचकर दवा वितरण सुनिश्चित किया। अभियान के दौरान जिले के 08 लाख 49 हजार 864 नागरिकों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाया। अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 99.76 प्रतिशत हितग्राहियों को दवा खिलाई गई, जो जिले की स्वास्थ्य टीमों की सक्रियता और आमजन के सहयोग का परिणाम है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चले विशेष अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर नागरिकों को दवा का सेवन कराया और फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया।

चातरखार में फाइलेरिया मुक्त अभियान का जागरूकता कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, चातरखार में फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेनिंग कंसल्टेंट, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल भागलाल महिलांग द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को फाइलेरिया रोग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो मच्छरों के

माध्यम से फैलता है। उन्होंने रोग के प्रमुख लक्षणों, इसके दुष्प्रभावों तथा समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला।

साथ ही, रोग से बचाव के उपायों जैसे स्वच्छता बनाए रखना, मच्छरदानी का उपयोग करना तथा आसपास पानी जमा न होने देना आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री महिलांग ने बताया कि शासन द्वारा संचालित फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत निर्धारित दवाइयों का सेवन सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने दवा सेवन की सही विधि, मात्रा एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. जितेंद्र सिन्हा ने उन छात्रों और कर्मचारियों से चर्चा की जिन्होंने पहले ही फाइलेरिया की दवा ले ली है उन लोगों के अनुभवों को साझा किया गया। ताकि हम अन्य छात्रों और कर्मचारियों को प्रेरित कर सकें और इस कार्यक्रम को सफल बना सकें। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार ने फाइलेरिया मुक्त भारत के लक्ष्य को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

प्रथम पेज का शेष

भारत की सीमाएं होंगी अभेद्य...

(डीपीआर) का कार्य फास्ट ट्रैक पर लाने के निर्देश दिए हैं। मौजूदा पाइपलाइन में सबसे अहम शिंकु ला सुरंग (4.1 किलोमीटर) है।15,800 फीट की ऊंचाई पर बनने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। यह लद्दाख को निम्मू-पदम-दारचा मार्ग के जरिये तीसरा वैकल्पिक ऑल-वेदर रूट प्रदान करेगी। यह मार्ग सीमा से सुरक्षित दूरी पर होने के कारण सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। सुरंग का प्री-कंस्ट्रक्शन (शुरुआती खुदाई) इस साल मध्य तक शुरू करने का लक्ष्य है।

पूर्वोत्तर में सुरंगों से सेना की आवाजाही आसान होगी

अरुणाचल के तवांग सेक्टर में स्मल्दर सुरंग सेना के भारी तोपखाने और मिसाइल सिस्टम को सैटेलाइट की नजरों से बचाकर एलएसी तक पहुंचाने में गेम-चेंजर साबित होंगी। इनका रूट फाइनल हो चुका है, वर्ष 2027 तक काम शुरू होगा। मणिपुर की मोरहे-थुइबुल सुरंग दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ व्यापारिक और सैन्य आवाजाही को नई गति देगी। पूर्वोत्तर में मणिपुर मोरहे-थुइबुल सुरंग भारत के लुक ईस्ट और एशियन हाईवे प्रोजेक्ट का एक गुप्त लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा है। रणनीतिक महत्व वाली यह सुरंग पूर्वोत्तर में सेना की आवाजाही को सुगम बनाना। साथ ही, दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ व्यापारिक मार्ग को छोटा करेगी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय नेचिपु सुरंग के आगे अरुणाचल के तवांग सेक्टर में 2-3 और छोटी सुरंगों की डीपीआर तैयार कर रहा है। इससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तक भारी तोपखाने और मिसाइल सिस्टम को बिना किसी देरी के पहुंचाया जा सकेगा।

अंडमान-निकोबार में और भी ज्यादा मजबूत होगी सेना

उपराज्यपाल ने बताया पूरा प्लान-अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारतीय सेना की स्थिति और भी ज्यादा मजबूत होने जा रही है। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल रिटायर्ड एडमिरल डीके जोशी ने 15 हजार करोड़ की लागत से द्वीप समूह पर बनाए जा रहे एयरपोर्ट की समय सीमा के बारे में पूरी जानकारी दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले तीन वर्षों के अंदर इस एयरपोर्ट से उड़ाने प्रारंभ हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए और मलक्का जलडमरूमध्य पर और भी कड़ी निगरानी करने के लिए इस एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ग्रेट निकोबार द्वीप के चिंगेनह क्षेत्र में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए सरकार ने पहले ही टेंडर बुलाए थे। अब इस परियोजना पर आगे काम शुरू हो गया है। गौरतलब है कि चिंगेनह तथाकथित 'प्री-सुनामी' गांवों में से एक है, जहां से 2004 की सुनामी के बाद आदिवासियों को विभिन्न शिविरों में स्थानांतरित किया गया था। वे तब से वापस लौटने की अनुमति मांग रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी है। एडमिरल जोशी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस एयरपोर्ट से अगले तीन साल में उड़ाने शुरू हो जाएंगी।

नए सैन्य हवाई अड्डे के तौर पर होगा विकसित

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रेट निकोबार द्वीप पर बनाया जाने वाला यह नया एयरपोर्ट एक आर्मी एयरपोर्ट के तौर पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के तहत दो मौजूदा सैन्य हवाई पट्टियों के रनवे का भी विस्तार किया जाएगा, ताकि हिंद महासागर में चीन की बढ़ती मौजूदगी का प्रभावी जवाब दिया जा सके। यह नया एयरपोर्ट द्वीप समूह पर टूरिज्म को भी बढ़ाएगा। इसका निर्माण ग्रेट निकोबार द्वीप पर होगा, जो इस द्वीपसमूह का सबसे दक्षिणी हिस्सा है और मलक्का जलडमरूमध्य से लगभग 40 नौटिकल मील की दूरी पर स्थित है। मलक्का जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है।

सौम्या चौरसिया को मिली...

उप सचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था। सौम्या चौरसिया को पूछताछ के लिए रायपुर बुलाया गया था, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी कर ली गई थी। जिसके बाद स्पेशल कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। तब से वे जेल में बंद थी।

कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में रहने पर लगाई थी पाबंदी: जस्टिस सूर्यकांत ने सभी आरोपियों को गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के चलते छत्तीसगढ़ में रहने पर पाबंदी लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि जिस जगह पर रहेंगे उनका एड्रेस संबंधित थाने को देना होगा। सभी आरोपी लगभग 2 साल से जेल में बंद थे। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। जानकारी के मुताबिक जमानत पर रिहा होने के बाद सौम्या बेंगलुरु में रह रही थी।

समर्पण भाव से जनता की सुरक्षा के साथ खेलों में भी पुलिस का उत्कृष्ट प्रदर्शनः साय

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 6 टीमों को मिला सम्मान

■ 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य समापन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतिभागिओं द्वारा बैण्ड की प्रस्तुति द्वारा मार्च पास्ट किया गया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों एवं केंद्रीय बलों से पहुंचे टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों, कोचों और मैनेजरों का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आगमन के लिए हार्दिक स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पांच दिवसीय इस अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का आज समापन हो रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारियों और जवानों को भी बधाई दी, जो दिन-रात कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका अनुशासन और समर्पण ही है, जो उन्हें हर क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य पालन करने वाले हमारे पुलिस जवान जब खेल मैदान में उतरते हैं, तो उनका आत्मविश्वास और साहस पूरे प्रदेश का मान बढ़ाता है। जिस समर्पण भाव से हमारे पुलिस अधिकारी जनता की सुरक्षा करते हैं, उसी प्रतिबद्धता के साथ वे खेलों में भी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हमने जशपुर जिले के पंडरापाट में 20 करोड़ रुपए की लागत से तीरंदाजी के प्रशिक्षण के लिए आर्चरी एकेडमी की स्थापना करने का निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने विजेताओं की सराहना की। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, एडीजी विवेकानन्द सिन्हा, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

शब्दभेदी बाण चलाने जैसी विधाएं आज भी संरक्षितः गजेन्द्र

समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक वनाच्छादित ट्रायबल प्रदेश है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और परंपराएं आज भी जनजातीय समाज द्वारा जीवित रखी गई हैं। उन्होने कहा कि गोंड, कवंर और अन्य आदिवासी भाई-बहन आज भी पारंपरिक धर्नुविद्या (धनुर्विद्या) का अभ्यास करते हैं। उन्होंने बताया कि शब्दभेदी बाण चलाने जैसी पारंपरिक विधाएं आज भी संरक्षित हैं, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक खेलों के आयोजन से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक संतुलन और एकाग्रता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग के मनोबल और सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

न्यूज गैलरी

उड़नदस्ता दल ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

दुर्ग। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 12 वीं परीक्षा के अंतर्गत 27 फरवरी को जिले के 5 उडऩदस्ता दलों द्वारा 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। डीईओ अरविन्द मिश्रा ने 9 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम जिला नोडल अधिकारी ने 6 परीक्षा केन्द्रों, विनोद शुक्ला विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने 4 परीक्षा केन्द्र, डीके देवांगन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन ने 4 परीक्षा केन्द्र, अथर्व शर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा ने 2 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

केजरीवाल की तरह भूपेश और अन्य कांग्रेसी भी साबित होंगे निरपराधः जंघेल

दुर्ग। नई दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले के आरोप से पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित कई अधिकारियों व अन्य लोगों को अदालत ने निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है। इस पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया कोआर्डिनेटर देवकुमार जंघेल ने बयान जारी कर कहा है कि कोर्ट के इस फैसले से भाजपाई चाल, चरित्र और उसका षडयंत्रकारी चेहरा बेनकाब हो गया है। जंघेल ने कहा कि केजरीवाल भाजपा के सामने नहीं झुके, तो उन्हें और उनके साथियों को केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर फर्जी शराब घोटाले में फंसाकर जेल भेज दिया गया। न्यायालय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर मोदी सरकार के मुंह पर करारा तमाचा जड़ दिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब मोदी सरकार के सामने नहीं झुके तो उन्हें और उनके बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित कई अधिकारियों को फर्जी शराब घोटाले में फंसाया गया। जंघेल ने कहा कि कवासी लकमा और चैतन्य बघेल को जेल भेजा गया। दोनों को जमानत पर रिहा किया गया है। इनके खिलाफ लगातार छापामार कार्यवाही की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। भूपेश बघेल और अन्य सभी कांग्रेसी इस झूठे और फर्जी मामले से बेदाग बरी होंगे। क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं।

पीएम आवास योजना के 44 हितग्राहियों को मिला आवास

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी अंतर्गत आवास आबंटन के लिये लॉटरी का आयोजन निगम सभागार में किया गया। पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 44 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे, आम्रपाली फेस-1 हाउसिंग बोर्ड, ग्रीन वैली और कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे निर्मित आवास आबंटित किये गए। पूर्व में पात्र हितग्राहियों को 1572 मकान आबंटित किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी, नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता की उपस्थिति रही। निगम प्रशासन ने कहा कि पात्र आवेदकों को योजना का लाभ दिलाने पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। लॉटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी जागेश्वर साहू, मेहत्तर सोनी, भूषण निर्मलकर, मोहन राव, थलेश्वर जोशी, सावित्री सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई

शिवजी की बारात में हत्या, आरोपी के अवैध होटल में चला बुलडोजर

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में 16 फरवरी की रात शिवजी की बारात में जघन्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी मनीष देशमुख उर्फ पांडू के अवैध होटल पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर रात 9:30 बजे मोहन नगर थाना क्षेत्र के शक्ति नगर चौक मानस भवन के पास शिवजी की बारात के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने क्षय कुमार गोड उर्फ नानू पर धारदार हथियार से हमला किया था। घायल नानू को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता शिव कुमार गोड की रिपोर्ट पर मोहन नगर थाने में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद साक्ष्य के आधार पर सात आरोपियों की पहचान की और अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने नानू पर हमला करना स्वीकार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पुलिस जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी मनीष देशमुख ने शक्ति नगर चौक स्थित मानस भवन के पास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया था।

दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय चोरों को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सायबर तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को नेहरू नगर चौक से गिरफ्तार किया। दोनों चोर अपने गृह राज्य ओडिशा भागने की फिराक में थे। उनके कब्जे से चोरी की नगद रकम भी बरामद की गई है। सुपेला निवासी प्रार्थी यमिल वर्मा ने 17 फरवरी को थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

खाटू श्याम निशान यात्रा में शामिल हुए अरुण वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में आज आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने मिला। खाटू धाम की तर्ज पर पहली बार भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई दिव्य यात्रा पूरे दुर्ग शहर में भ्रमण करते हुए कादंबरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रथ में विराजे श्याम बाबा की अलौकिक छवि, फाल्गुनी रंगों की छटा, इत्र और फूलों की अमृत वर्षा और गूंजते भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस पावन अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा भी निशान यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने खाटू श्याम बाबा से दुर्ग शहरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। वोरा ने कहा कि खाटू श्याम बाबा की कृपा से दुर्ग में सदैव प्रेम, सौहार्द और प्रगति का वातावरण बना रहे, यही उनकी कामना है। वोरा के साथ पूर्व महापौर आरएन वर्मा, संजय गर्ग, पप्पू श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दुर्ग निगम में 6 कर्मचारी पदोन्नत

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम में आज महापौर अलका बाघमार ने निगम के 6 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र प्रदान किया। इस दौरान सामान्य प्रशासन प्रभारी मनीष साहू, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, खालिक रिजवी और उपायुक्त मोहेंद्र साहू उपस्थित रहे। आयुक्त सुमित अग्रवाल की अधिकारिता के अधीन आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर पदोन्नति दी गई है। सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक के पद पर ईश्वर वर्मा और थान सिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक से राजस्व निरीक्षक के पद पर निशांत यादव को पदोन्नत किया गया। महेंद्र कुमार धर्मकार को भृत्य पद से सहायक ग्रेड-3, भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर रमेश कुमार और गणेशराम सिन्हा को पदोन्नति दी गई। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम के कर्मचारी ही शहर की व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही नगर निगम की योजनाएं धरातल पर सफल हो पाती हैं। पदोन्नति आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर कर्मचारियों को पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

निष्क्रिय शासकीय खातों को सक्रिय कर 31 मार्च तक राशि लौटाने के निर्देश

दुर्ग। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति और डीएलसीसी की बैठक गुरुवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी बैंकों में निष्क्रिय व दावा रहित जमा राशि वाले शासकीय खातों को तत्काल सक्रिय कर संबंधित राशि शासन को वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकिंग योजनाओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की योजनावार समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से जनसुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लंबित दावा प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लंबित दावों का शीघ्र निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने स्व सहायता समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ईडब्ल्यूएस की जमीन पर बनेगा सामुदायिक शौचालय : महापौर

■ सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर जताई नाराजगी

रिसाली/नवप्रदेश। महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 29 लक्ष्मी नगर स्थित ईडब्ल्यूएस की जमीन को संरक्षित करते हुए सामुदायिक शौचालय का निर्माण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वार्ड के प्रभारी उपअभियंता को शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने कहा है। महापौर ने नागरिकों से विकास के संबंध में भी चर्चा की। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने वार्ड में सामुदायिक शौचालय के साथ अलग से यूरिनल बनाने की मांग की। महापौर शशि सिन्हा ने इसे गंभीरता से लेते हुए ईडब्ल्यूएस की जमीन पर शौचालय बनाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कर्मा भवन के निकट सुलभ शौचालय निर्माण करने के भी निर्देश दिए हैं। भ्रमण के दौरान महापौर के साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम, जहीर अब्बास, व अनिल देशमुख उपस्थित थे। नागरिकों ने पेयजल समस्या को प्रमुखता से महापौर के समक्ष रखा। आमजनों का कहना था कि पिछले सात माह से पेयजल की समस्या बढ़ गई है। महापौर ने मोहन किराना के सामने बिछी पाइपलाइन को मुख्य पाइपलाइन में जोड़कर जल आपूर्ति करने कहा। नागरिकों ने शारदा विद्यालय गली स्थित शिव मंदिर में शीट लगाने और मोहन किराना के सामने टंकी निर्माण की मांग की है।

सफाई व्यवस्था पर फोकस

महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने एजेंसी को संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महापौर का कहना था कि वार्ड सुपरवाईजर सफाई कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें। किसी भी सूरत में गंदगी न होने देने की व्यवस्था करने कहा गया।

राष्ट्रीय सेवा योजनाः सात दिवसीय शिविर का समापन

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विवि परिसर पोटियाकला में सम्पन्न हुआ। संयुक्त शिविर में शास.नवीन महाविद्यालय रिसाली, शास. आदर्श महाविद्यालय धनोरा, डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 और अपोलो कॉलेज अंजोरा के 200 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना से किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने सुआ-डंडा नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी। सरस्वती वंदना हंसा की सवारी दाई ओ पर सामूहिक नृत्य किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार, अध्यक्षता विवि कुलपति डॉ संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग अनुपमा अस्थाना, कौशल साहू व हिरौंदी चंदानिया विशिष्ट अतिथि थे।
के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना उत्कृष्ट अनुशासन के साथ देशहित और समाजहित में कार्य करने का सशक्त माध्यम है। कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए एनएसएस को श्रेष्ठ मंच बताते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को मृत्यु के ब ाद देहदान के लिए प्रेरित किया और जीवन में सामंजस्य, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने कहा कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने तालाब की पचरियों की सफाई, दीवार लेखन, जल संरक्षण, पक्षी बचाओ अभियान, नशा उन्मूलन जागरूकता, स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक एवं जागरण रैली जैसे विविध सेवा कार्य किए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विद्युत लोको शेड में ओवरहॉलिंग एवं प्रमाणन कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना सं: टीआरएस-बीएसपी-2025-26/10. दिनांक 26.02.2026.
1. निविदा क्र.: TRS-BSP-2025-26-ओटी-14 कार्य का नाम: एयर ड्रायर (M/s SIL, FTIL, KB, Trident एवं Prag Polymers) का 03 वर्षों की अवधि के लिए विद्युत लोको शेड बिलासपुर में ओवरहॉलिंग कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 19,03,106.69/-। प्रतिभूति राशि: ₹ 38,100/-। निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 16/03/2026 को 15:00 बजे तक।
2. निविदा क्र.: TRS-BSP-2025-26-ओटी-12R कार्य का नाम: इलेक्ट्रिक लोको शेड, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (IMS) का तीन (03) वर्षों के लिए पुनः प्रमाणन कार्य। जिसमें ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018 तथा ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (EnMS) ISO 50001:2018 शामिल है। अनुमानित लागत: ₹ 2,25,582.80/-। प्रतिभूति राशि: ₹ 4,500/-। निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 16/03/2026 को 15:00 बजे तक।
विस्तृत जानकारी, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)/बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे डाउनलोड कर / देख सकते हैं।

मण्डल बिजली इंजीनियर (क.च.स्टा.)
सीपीआर/10/728 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO. - 30/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)

ज्ञा.क्र. 8042/ टेण्डर/वलेलि / ग्रा.यां. सेवा/2025 बिलासपुर दिनांक 26.02.26

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (सिविल कार्य) द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 13.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान	वि.ख.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	सामुदायिक भवन निर्माण खपराखोल बैमा	बिल्हा	18.44

Note -
01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी -252606950/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	186026 प्रथम आमंत्रण 20.02.2026	जिला सरगुजा के कटिन्दा मेन बस्ती से बतपरा होते हुए तरईडांड मार्ग लंबाई 4.15 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	725.53
2	186027 द्वितीय आमंत्रण 20.02.2026	जिला जशपुर के कुनकुरी में इंटिग्रेटेड स्पोर्टस काम्पलेक्स निर्माण कार्य (पार्ट-1)।	794.48
3	186030 द्वितीय आमंत्रण 20.02.2026	जिला बीजापुर के भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू में सरकारी कॉलेज भवन विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य।	457.63
4	186038 प्रथम आमंत्रण 20.02.2026	जिला सरगुजा के बतौली आई.टी.आई. पहुंच मार्ग लं. 2.50 कि.मी. निर्माण कार्य।	434.63
5	186110 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला जशपुर के जशपुर सन्ना मार्ग के कि.मी. 14/6 से 31/10 = 17.60 कि. मी. का सुदृढीकरण निर्माण कार्य।	1343.45
6	186115 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला सूरजपुर के बिशुनपुर-सूरजपुर-ओडगी मार्ग (राज्य मार्ग क्र. 16) के कि.मी. 6 से 11,25 से 42, 57 से61, 64 से 66 कुल लंबाई 32.00 कि.मी. का सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य।	3192.54
7	186116 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	पेण्ड्रारोड में शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण वा.स.से.फि. विद्युतीकरण का कार्य।	463.84
8	186126 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला बेमेतरा के डाईट कैम्पस में एकेडमिक ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, 4 नग 'जी' टाईप क्वार्टर, केन्टीन, बोरवेल, पुरूष शौचालय, महिला शौचालय, सी.डब्ल्यू. एस.एन. शौचालय, ओव्हर हेंड टेंक, लैण्ड स्कैपिंग, पार्किंग सुविधा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, मरम्मत कार्य एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य, जमा मद।	311.76
9	186127 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला दुर्ग के दुर्ग धमधा बेमेतरा मार्ग के कि.मी. 4/6 से 7/8 लंबाई 7.221 कि. मी. (वास्तविक लं. 2660 मीटर) तक दोनो ओर नाली निर्माण कार्य।	473.85
10	186134 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के कहडबरी से लोहत्तर (राज्य मार्ग क्र. 06) मार्ग के कि.मी. 1 से 7/6 = 6.60 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।	422.74
11	186138 प्रथम आमंत्रण 23.02.2026	जिला महासमुंद की उन्नयित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (के.जी. बी.वि. टाईप III) बागबाहरा के ग्राम सुनसुनिया (भानपुर) का निर्माण कार्य, वा. स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित, जमा मद। महासमुंद संभाग महासमुंद।	294.71
12	186175 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में नवीन लाईवलीहुड कालेज भवन का निर्माण, वा.स. से.फि. विद्युती करण एवं पहुंच मार्ग का कार्य।	408.86
13	186177 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	दुलमपुर से गोबरसिंधा ग्रामीण मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	231.28
14	186178 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	मुंगेली में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि., विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग का कार्य।	465.71
15	186197 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	जिला बलौदाबाजार के (1) लरिया से रोहांसी मार्ग लं. 2.50 कि.मी., (2) सोनार देवरी से बांसबिनौरी मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	514.04
16	186198 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	धोबनी बडेसाजापाली मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	1480.68
17	186205 प्रथम आमंत्रण 24.02.2026	जिला रायपुर के बीरगांव उरला गोमची बेन्द्री नंदनवन मार्ग लंबाई 19.70 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य, पुल पुलिया सहित। विधानसभा संभाग रायपुर।	1865.44

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 03 दिनांक 09.03.2026, सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02, सं.क्र. 04 दिनांक 13.03.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 18.03.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-252606955/7

हाईकोर्ट ने सुनाया फैसलाः पहली शादी रहते दूसरी शादी करना गैरकानूनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पहली शादी से विधिवत तलाक लिए बिना दूसरी शादी कर भरण-पोषण की मांग करने के मामले में हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पहली शादी के कानूनी रूप से अस्तित्व में रहते दूसरी शादी करना गैरकानूनी है और ऐसी स्थिति में दूसरे पति से गुजारा भत्ता की मांग स्वीकार्य नहीं है। मामला भिलाई निवासी एक महिला से जुड़ा है, जिसने पहले पति से तलाक लिए बिना स्वयं को अविवाहित बताते हुए आर्य समाज मंदिर में 10 जुलाई 2020 को दूसरी शादी की थी।

पहले पति से तलाक जरुरी

दूसरी शादी करने के लिए पहले पति से तलाक लेना जरूरी है। पहली शादी के कानूनी रूप से अस्तित्व में रहते हुए दूसरी शादी करना, फिर दूसरे पति से गुजारा भत्ता की मांग करना उचित नहीं है।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ते की मांग करते हुए लगाई गई महिला की अर्जी खारिज कर दी है। दुर्ग-भिलाई की रहने वाली महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन लगाया था। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने यह टिप्पणी की है।

तलाक के बिना दूसरी शादी मान्य नहीं: हाईकोर्ट

फैमिली कोर्ट ने पाया कि, महिला ने खुद को अविवाहित बताकर दूसरी शादी की रस्म निभाई थी, जबकि पहली शादी में तलाक नहीं हुआ था। फैमिली कोर्ट ने पाया कि महिला पूर्व में आशा वर्कर के रूप में काम कर चुकी है। वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ है। यानी वह अपना गुजारा करने में सक्षम है। महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि, दुर्ग फैमिली कोर्ट के 20 जनवरी 2026 के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। इस आधार पर महिला की अपील खारिज कर दी गई।

मानसिक रूप से प्रताड़ना का आरोप

दरअसल, भिलाई की रहने वाली महिला ने अपने दूसरे पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अर्जी लगाई थी। महिला का दावा था कि, 10 जुलाई 2020 को आर्य समाज मंदिर में उनकी शादी हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि, शादी के कुछ समय बाद पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पति की हर महीने 5 लाख रुपए इनकम बताते हुए हर महीने 1 लाख रुपए गुजारा भत्ते की मांग की थी।

पहले पति से तलाक के बिना कर ली दूसरी शादी

सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि, महिला की पहले शादी हो चुकी है। पहला का पति अभी जीवित है। महिला ने अपने पहले पति से कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी कर ली थी। प्रति परीक्षण में महिला ने खुद स्वीकार किया कि पहली शादी से उसके दो बेटे भी हैं। दोनों बालिग हैं और उसके साथ ही रहते हैं।

न्यूज गैलरी

यूपी से ब्राउन शुगन की सप्लाई, 3 गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 युवकों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। युवकों से 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर और 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी युवक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से ब्राउन शुगर मंगाते थे। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने थानेदारों के साथ ही पुलिस अफसरों को भी अलर्ट रहने कहा है। सकरी पुलिस को जानकारी मिली कि शुक्रवार को तालपारा के तैयबा चौक निवासी हमीद अंसारी (33) आसमा सिटी से मेण्ड्रा जाने वाली रोड पर खड़ा है। उसके पास ब्राउन शुगर रखा हुआ है और ग्राहक का इंतजार रहा है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ने की योजना बनाई। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चारों तरफ से घेर कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी हमीद ने पुलिस को बताया कि वह मंगला स्थित अभिषेक नगर निवासी अपने दोस्त अमन तिवारी (24) और रामाा लाइफ कॉलोनी निवासी ईशांत सिंह मंडलोई (24) के माध्यम से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से ब्राउन शुगर और गांजा मंगवाता था। उसने यह भी बताया कि, नशीली सामग्री ईशांत मंडलोई के घर में रखी जाती थी। पुलिस ने रामा लाइफ सिटी स्थित मकान की तलाशी ली, जहां से 25 ग्राम गांजा, 4 नग चिलम और 2 लाइटर जब्त किए गए। पुलिस ने मामले में अमन तिवारी को भी पकड़ लिया।

शांति समिति की बैठक आज

सीपत/नवप्रदेश। आगामी 4 मार्च को होली एवं ईद पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज को दोपहर 3 बजे सीपत थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सोनू अग्रवाल करेंगे तथा उपपुलिस अधीक्षक लालचंद मोहले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में दोनों प्रमुख त्योहारों के दौरान व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, जुलूस मार्ग, ध्वनि नियंत्रण तथा आपसी समन्वय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी समुदाय आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली और ईद हमारे सामाजिक समरसता के प्रतीक पर्व हैं। प्रशासन और जनता मिलकर यदि सतर्क और सजग रहेंगे तो क्षेत्र में शांति और भाईचारे का वातावरण और मजबूत होगा।

सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमेरी का मामला

लूट और मारपीट की वारदात, विरोध करने पर ड्राइवर पर हथियार से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी थाना क्षेत्र के अमेरी इलाके में देर रात लूट और मारपीट की घटना सामने आई है। दो अज्ञात युवकों ने एक ड्राइवर और उसके साथी से पर्स व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आदित्य कोसले, निवासी विनायक विहार अमेरी, पेशे से ड्राइवर है। उसने बताया कि 26 फरवरी की रात वह अपने ससुराल सतनाम नगर अमेरी गया था। वहां से देर रात खाना खाने के बाद भीड़ अधिक होने के कारण वह अपने साथी अमन बघेल के साथ 27 फरवरी की रात करीब 1:30 बजे अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दिलीप किराना स्टोर के पास दो युवक उनसे शराब मिलने की जगह पूछने लगे। जानकारी नहीं होने की बात कहने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक आदित्य का पर्स, जिसमें 2430 रुपये थे, तथा अमन का मोबाइल छीनकर भागने लगे। विरोध करने पर एक आरोपी ने लोहे की वस्तु से आदित्य पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ और पीठ में चोट आई। वहीं अमन को भी धक्का देकर घायल कर दिया गया।

पुलिस कर रही जांच

घटना के बाद पीड़ित ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

आसामाजिक तत्वों में संलिप्त 11 आरोपी गिरफ्तार

आज थाना सिविल लाईन क्षेत्र उस्लापुर ओवर ब्रिज के नीचे यश छाबड़ा लोगों को चाकू दिखाकर भयभीत कर रहा था तथा राहुल पुरी गोस्वामी मिनीमाता नगर साई मंदिर के पास आने जाने वाले लोगों को चाकू लहरा कर भयभीत कर रहा था के दोनो के विरूध्द 25, 27 आर्म्स के तहत कार्यवाही की गई। आज सरप्राईज चेकिंग के दौरान कुदुदंण्ड, उस्लापुर, चाटापारा, में असामाजिक तत्व के लोग अशांति फैलाते पाये जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। दीपक सूर्यवंशी पिता रोहित उम्र 28 साल निवासी मंगला आजाद चौक थाना सिविल लाइन, राज सूर्यवंशी पिता रामदुलार उम्र 24 साल निवासी आजाद चौक मंगला थाना सिविल लाईन, राजेश सूर्यवंशी पिता रोहित उम्र 18 साल निवासी आजाद चौक मंगला थाना सिविल लाईन, मोह. हसन पिता मोह.अजीज उम्र 25 साल निवासी मसानगंज थाना सिविल लाईन, सोमेश सारथी पिता कृष्ण सारथी उम्र 26 साल निवासी ईमलीभाठा थाना सरकंण्डा, मोह. कमाल पिता जाफर मोह. उम्र 29 साल निवासी लोफंदी थाना कोनी, आशिष सोनी पिता रामकुमार उम्र 18 साल निवासी उस्लापुर

राजेश कुमार शुक्ला तीसरी बार बने प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार श्री राजेश कुमार शुक्ला को पुनः सेवा वृद्धि प्रदान की गई है। वे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में प्रबंध निदेशक के पद पर तीसरी बार नियुक्त किये गये है। श्री शुक्ला ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने और राज्य शासन के रीति-नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष (ट्रांसमिशन) सुबोध कुमार सिंह तथा ऊर्जा सचिव व पॉवर कंपनी के अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन) डॉ. रोहित यादव के प्रति भी आभार जताया। जबलपुर (मध्यप्रदेश) में 8 जुलाई 1963 को जन्मे श्री शुक्ला ने वर्ष 1983 में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर से बी.ई इलेक्ट्रिकल कर स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1984 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल, जबलपुर में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के रूप में सेवायात्रा प्रारंभ की और आगे विभिन्न पदों पर रहते हुए वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी में प्रबंध निदेशक के शीर्ष पद पर नियुक्त हुए। श्री शुक्ला के मार्गदर्शन में बीते दो वर्षों में ट्रांसमिशन कंपनी ने तकनीकी सुदृढ़ीकरण, परिचालन दक्षता एवं पारदर्शिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उनके नेतृत्व में विद्युत पारेषण तंत्र के विस्तार, आधुनिकीकरण तथा संस्थागत सुधारों की दिशा में निरंतर प्रगति

अनूपपुर सहित तीन स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत अनूपपुर, कोतमा और वेंकटनगर स्टेशनों पर हमसफर एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस के ठहराव की सुविधा शुरू की है। विभिन्न तिथियों से इन ट्रेनों के ठहराव लागू होने से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। अनूपपुर स्टेशन में आयोजित समारोह में सांसद हिमाद्री सिंह ने ठहराव सुविधा का लोकार्पण करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

एआई की चुनौती को अवसर में बदलें: पटेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी.पी. विप्र महाविद्यालय (स्वायत्तशासी संस्थान) में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उमेश नंदकुमार पटेल, विधायक, खरसिया, आदित्येश्वर सिंहदेव पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, सरगुजा, पुरनचंद पाधी महासचिव, युवा कांग्रेस, राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य, प्रशासन समिति डीपी विप्र महाविद्यालय, डॉ अंजू शुक्ला, प्राचार्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, डॉ एम.एस तंबोली, उपप्राचार्य एवं छात्रसंघ प्रभारी, डीपी विप्र महाविद्यालय, पूजा मक्कड़ नगर पालिका अध्यक्ष तखतपुर, विवेक वाजपेयी, रोहित शुक्ला, अविनाश सेठी, अध्यक्ष, एल्युमिनी कमेटी डीपी विप्र महाविद्यालय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उमेश नंदकुमार पटेल ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनकी वार्षिक परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का मुख्य कर्तव्य शिक्षा ग्रहण करना है जिसे पूरी लगन के साथ करना चाहिए। साथ ही उनके सामने आज एक नई परिस्थितियाँ आ गई है जो ए.आई को लेकर है। इस पर चिंतित होने की बात नहीं बल्कि इसे अवसर के रूप में लें और आगे बढ़े। राजकुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का विषय हमारे महाविद्यालय की समीक्षा का भी है। क्योंकि इस अवसर पर उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के लिए पुरस्कार दिया जाता है। डॉ. अंजू शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी महाविद्यालय की नींव होते हैं जो आगे एक इतिहास बनाते है। जो सभी शिक्षकों के लिए गौरव की बात होती है।

विद्यार्थियों की प्रतिभा बढ़ाने में सहायकः सिंहदेव

आदित्येश्वर सिंहदेव ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं के टैलेंट को आगे बढ़ाने में सहायक होती है कारण कि नए पीढ़ी ही हमारे समाज एवं देश को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने में योगदान होता है साथ ही छात्रों को अपने गुरूओं और माता-पिता का आशीर्वाद लेते हुए समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महात्मागांधी, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर काम करना चाहिए। श्री पुरनचंद पाधी जी ने छात्र-छात्राओं को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने को कहा तभी वह अपने साथ-साथ देश का भी नवनिर्माण कर सकेंगे।

लायंस क्लब उत्कर्ष की आधिकारिक यात्रा का समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष में आज डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे हाई-टी के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रेखा अग्रवाल तथा जोन चेयरपर्सन लायन इंदिरा त्रिपाठी के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर क्लब द्वारा सेवा गतिविधियों का आयोजन बिलासपुर शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर पौसरा ग्राम के धुरीपारा में किया गया। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत सड़क किनारे सब्जी विक्रय करने वाली महिलाओं को लायंस छतरी, दवाइयाँ एवं वस्त्र प्रदान किए गए। आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी हेतु डस्टबिन एवं दो स्टूल भेंट किए गए। साथ ही तीन जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं प्रोटीन किट प्रदान की गई। लाभार्थियों ने कृतज्ञता स्वरूप गवर्नर महोदय को सब्जियों से भरी टोकरी भेंट की।

होली व ईद उल फितर पर्व शांतिपूर्ण मनाने शांति समिति की बैठक

मस्तूरी/नवप्रदेश। रंगों के महान पावन पर्व होलिका दहन रंगो उत्सव होली तथा ईद उल फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मस्तूरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी एल सी मोहले तथा थाना प्रभारी अजहरुद्दीन ने की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शुभांगी गुप्ता, चांदनी ध्रुव, ए एस आई शिव चंद्रा के साथ स्टॉप के लोग उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर त्योहार को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डी एस पी एल सी मोहले तथा थाना प्रभारी अजहरुद्दीन ने कहा कि होली आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ क्षेत्र वासियों से अपील किए कि शांतिपूर्वक त्योहार मनाए पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही असामाजिक तत्वों को माहौल बिगाड़ने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि होली के दिन जबरन रंग लगाने, हुड़दंग करने, कीचड पत्थर बाजी शराब पीकर उत्पात मचाने शराब पीकर वाहन चलाने तथा डीजे पर अश्लील गीत बजाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा गश्ती दल लगातार क्षेत्र में भ्रमण करेगा। डीएसपी मोहले थाना प्रभारी अजहरुद्दीन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांव और मोहल्लों में लोगों को जागरूक करें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत थाना को सूचना दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के सहयोग से ही शांतिपूर्ण त्योहार संभव है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों नागरिकों ने भी अपने अपने विचार रखे और प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाया एवं अग्रिम होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संकल्प लिया। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से जनपद सदस्य देव सिंह पोर्ते, सरपंच संघ अध्यक्ष छवि बंजारे उपस्थित थे।

सुविधाः यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना उद्देश्य

एलटीटी-हटिया के मध्य 2-2 फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली त्यौहार व आगामी ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हटिया-एलटीटी-हटिया के मध्य 02-02 फेरों के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 08609 हटिया-एलटीटी होली स्पेशल ट्रेन हटिया से 02 व 09 मार्च 2026 प्रत्येक सोमवार को दो फेरे के लिए चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08610 एलटीटी-हटिया होली स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 04 व 11 मार्च 2026 प्रत्येक बुधवार को दो फेरे के लिए चलेगी।

गाड़ियों की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 08609 हटिया-एलटीटी होली स्पेशल ट्रेन हटिया से 02 व 09 मार्च (सोमवार) को शाम 16.20 बजे रवाना होगी तथा मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन मंगलवार को बिलासपुर में आगमन 01.15 बजे, प्रस्थान 01.25 बजे, रायपुर आगमन 02.55 बजे, प्रस्थान 03 बजे, दुर्ग आगमन 03.55 बजे, प्रस्थान 4 बजे, गोंदिया आगमन 05.48 बजे, प्रस्थान 05.50 बजे तथा बुधवार को 00.40 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08610 एलटीटी-हटिया होली स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 04 व 11 मार्च (बुधवार) को 5 बजे रवाना होगी तथा मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गुरुवार को गोंदिया स्टेशन आगमन 03.08 बजे, प्रस्थान 03.10 बजे, दुर्ग आगमन 05.20 बजे, प्रस्थान 05.25 बजे, रायपुर आगमन 06.00 बजे, प्रस्थान 06.05 बजे, बिलासपुर में आगमन 07.45 बजे, प्रस्थान 08.00 तथा 18.00 बजे हटिया स्टेशन पहुंचेगी। इन स्पेशल ट्रेनों में 01 एसएलआरडी, 04 जनरल, 07 स्लीपर, 05 एसी-थ्री टियर, 02 एसी-थ्री टियर इकॉनमी, 02 एसी- टू टियर तथा 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी । रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, पचोरा, चालीसगाँव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण, ठाणे स्टेशनों पर रुकेगी ।

कोकराझार में मंत्री तोखन ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने असम प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी, कोकराझार जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष गोसाई बसुमतारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक की तथा इसके उपरांत दोतमा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक में सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता, समर्पण और सुविचारित रणनीति ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने 'डबल इंजन सरकार' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में एक ही विचारधारा की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिलती है, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है और जनता को त्वरित लाभ प्राप्त होता है।

सीआईएसएफ के 32545 सिपाही बने 'सीनियर कांस्टेबल'

नई दिल्ली। सीआईएसएफ ने अपने बल कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीनियर कांस्टेबलों के लिए एक विशिष्ट इंसिग्निया (चिन्ह) की शुरुआत की है। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति उनकी दीर्घकालिक, अनुशासित और समर्पित सेवा के अनुभव को सम्मानित एवं मान्यता प्रदान करना है। नई दिल्ली स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में एक औपचारिक आदेश जारी कर 32545 कांस्टेबलों को यह इंसिग्निया धारण करने के लिए अधिकृत किया गया है। महानिदेशक ने बताया कि इसी प्रकार अन्य स्थिर पदों पर कार्यरत कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनके तहत एएसआई को उपनिरीक्षक का स्थानीय रैंक तथा निरीक्षकों को सहायक कमांडेंट का स्थानीय रैंक प्रदान करने का प्रस्ताव है।

50 कांस्टेबलों के लिए पिनिंग समारोह

सिपाहियों का मनोबल बढ़ाने और उनकी सेवाओं की पहचान के लिए विशिष्ट चिन्ह प्रदान करने की शुरुआत की गई है। इस मौके पर शनिवार को 50 कांस्टेबलों के लिए एक गरिमामय पिनिंग समारोह आयोजित किया गया। इसमें सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन सहित दूसरे वरिष्ठ अफसरों ने विशिष्ट इंसिग्निया प्रदान किया। महानिदेशक ने कांस्टेबलों की दीर्घ, स्वच्छ एवं समर्पित सेवा की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इसी उत्साह, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ सेवा जारी रखने पर बल दिया। कांस्टेबलों के चुनौतीपूर्ण कार्य-स्वरूप को रेखांकित करते हुए प्रवीर रंजन ने उनके परिवारों के अमूल्य सहयोग को भी स्वीकार किया।

अनुभवी कांस्टेबलों और नव-प्रशिक्षित कार्मिकों के बीच अंतर

इस इंसिग्निया की शुरुआत से अनुभवी कांस्टेबलों और नव-प्रशिक्षित कार्मिकों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित होगा। अब तक नए प्रशिक्षित कांस्टेबल और दस वर्ष से अधिक अनुभव वाले कांस्टेबल एक समान वर्दी धारण करते थे। इस पहल से अनुभवी कांस्टेबलों को उनके अनुभव, समर्पण और बल में निरंतर योगदान के लिए स्पष्ट एवं सम्मानजनक पहचान प्राप्त होगी।

न्यूज गैलरी

मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे हादसे से सबक

मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर हाल ही में हुए गैस टैंकर हादसे के बाद महाराष्ट्र सरकार अब आपात स्थिति में क्षतिग्रस्त टैंकरों को एयरलिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रही है। इस दुर्घटना के कारण करीब 36 घंटे तक भारी ट्रैफिक जाम लगा रहा, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने और आपात प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हाईवे पर समर्पित हैजर्डस मटेरियल रिस्पॉन्स यूनिट्स स्थापित की जाएंगी और फायर-फाइटिंग सिस्टम को और सुदृढ़ किया जाएगा, खासकर टनल क्षेत्रों में फोम, पानी और अन्य अग्निशमन व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर के पास वैध लाइसेंस था और उसका नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा था। 3 फरवरी को खंडाला घाट के पहाड़ी सेक्शन में चालक के नियंत्रण खोने से टैंकर पलट गया था, जिससे सैकड़ों वाहन फंस गए थे। हालांकि, अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से गैस रिसाव या आग लगने जैसी बड़ी दुर्घटना टल गई। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने पेट्रोलियम और अन्य ज्वलनशील पदार्थों के परिवहन को लेकर तैयारियों पर सवाल उठाए, खासकर HPCL और BPCL जैसी कंपनियों द्वारा हाईवे पर खतरनाक पदार्थों के आवागमन के संदर्भ में। इस पर सरकार ने कंपनियों को पर्याप्त रेस्क्यू उपकरण रखने और स्पष्ट आपात प्रोटोकॉल बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कई देशों की तरह अत्यधिक आपात स्थिति में क्षतिग्रस्त टैंकरों को एयरलिफ्ट करने के विकल्प का अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कई ट्रांसपोर्टरों के पास ऐसे हादसों से निपटने के स्पष्ट स्स्क्कनहीं हैं, जिन्हें अब अनिवार्य रूप से तैयार किया जाएगा।

चुनाव से पहले सीएम ममता बैनर्जी का महिला सुरक्षा पर जोर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे। इन बूथों पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इन पिंक बूथों के जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी, जिससे सुरक्षा के प्रति भरोसा और बढ़ेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 'शाइनिंग' नाम से ऑल-वुमन मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की भी घोषणा की। ये टीमें रात 8 बजे से सुबह 2 बजे तक ईएम बाइपास और शहर की अन्य प्रमुख सड़कों पर गश्त करेंगी, जिनका इस्तेमाल बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाएं रात के समय करती हैं।

दिवंगत अजित पवार और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत

मुंबई। मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की उस रिपोर्ट को मान लिया है, जिसमें महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) में लोन बांटते समय करीब 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है। विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा की दिवंगत उपमुख्यमंत्री की 'सी-समरी' रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इससे अजित पवार समेत उन सभी राजनीतिक नेताओं को राहत मिली, जिसका नाम इस घोटाले में शामिल था। अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा कि कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में कोई दंडनीय अपराध साबित नहीं हुआ है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा 25,000 करोड़ रुपये के महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) मामले में दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिससे महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और इस मामले में 70 से अधिक अन्य लोगों को क्लीन चिट मिल गई।

जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है तो संकट से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेशनल साइंस डे पर कहा कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है तो संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है, तो जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा परिचय होता है, तो संसार की सभी समस्याओं और संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने कहा कि समाधान का, विकास का और नवाचार का आधार विज्ञान ही है।

वहीं, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में लिखा, "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की ऐतिहासिक खोज ने भारत को वैज्ञानिक गौरव की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। डॉ. सी. वी. रमन की यह उपलब्धि भारतीय प्रतिभा, शोध और नवाचार की वैश्विक पहचान बनी।" आज भारत अंतरिक्ष अनुसंधान से लेकर हरित ऊर्जा, जैव-प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार तक विश्व समुदाय में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों से लेकर सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं तक, भारतीय विज्ञान वैश्विक समाधान प्रस्तुत कर रहा है। विज्ञान हमारे आत्मनिर्भर भारत का प्रेरक बल है। यह दिवस हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान और नवाचार को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देता है। राष्ट्र निर्माण में समर्पित सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को साधुवाद, जिनकी प्रतिभा और परिश्रम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।"

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर, हमारे साइंटिस्ट और इनोवेटर्स को बधाई, जिनकी लगन और मेहनत ज्ञान की सीमाओं को लगातार बढ़ा रही है। एआई, स्पेस, डिफेंस और आईटी से लेकर हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और रिन्यूएबल एनर्जी तक, आपकी कामयाबियां भारत के युवाओं को प्रेरित कर रही हैं, हमारी इकॉनमी को मजबूत कर रही हैं, नेशनल सिक्योरिटी को बढ़ा रही हैं और ज़िंदगी को बेहतर बना रही हैं।

साइंस डे सीवी रमन की 'रमन इफ़ेक्ट' खोज को समर्पित

पीएम ने कहा कि आज नेशनल साइंस डे सीवी रमन की 'रमन इफ़ेक्ट' खोज को समर्पित है। रमन इफ़ेक्ट की खोज ने पूरे विज्ञान की दिशा को बदल दिया। प्रधानमंत्री मोदी एक्स पोस्ट आगे लिखा कि नेशनल साइंस डे पर हम रिसर्च, इनोवेशन और साइंटिफिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मनाते हैं जो हमारे देश को आगे बढ़ाती है। यह दिन सर सीवी रमन की रमन इफ़ेक्ट की अहम खोज की याद में मनाया जाता है। इस खोज ने भारतीय रिसर्च को दुनिया भर में मजबूती से जगह दिलाई। हम अपने युवाओं को मजबूत बनाने, रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने और देश के विकास और दुनिया की भलाई के लिए साइंस और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने का अपना इरादा दोहराते हैं।

अंतर्देशीय जलमार्ग को बढ़ावा देने तीन परियोजनाओं का उद्घाटन

गुवाहाटी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को असम के डिब्रूगढ़ में राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर तीन प्रमुख अंतर्देशीय जलमार्ग अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ÷विकास एवं विरासत÷ के संतुलित दृष्टिकोण पर बल दिया। इन परियोजनाओं में बोगीबील स्थित सीमा शुल्क एवं आव्रजन परिसर, धुबरी स्थित सीमा शुल्क एवं आव्रजन परिसर और डिब्रूगढ़ में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की हेरिटेज भवन शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील शासन मॉडल को दर्शाती हैं, जो सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए तीव्र विकास सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में हम विकास एवं विरासत की स्पष्ट दृष्टिकोण से आगे बढ़ रहे हैं। हम अपनी जड़ें, अपनी विरासत एवं अपनी संस्कृति को संरक्षित रखते हुए प्रगति एवं आर्थिक विकास की दिशा में अग्रसर हैं। ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं है बल्कि यह हमारी जीवनरेखा, हमारा इतिहास और हमारा भविष्य है।÷ सोनोवाल ने कहा कि नयी अवसंरचना रसद को मजबूत करेगी, आवागमन को बढ़ावा देगी और पूर्वोत्तर में व्यापार एवं पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगी। बोगीबील में सीमा शुल्क एवं आव्रजन परिसर को एक आधुनिक पर्यटन-सह-कार्गो टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है, जो सीमा शुल्क, आव्रजन एवं आईडब्ल्यूएआई प्रशासनिक कार्यों को एक ही परिसर में एकीकृत करता है।

ओडिशा में बीजद फंसाएगी पेच, राज्यसभा की दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान

भुवनेश्वर। आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर ओडिशा में सियासी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार को वरिष्ठ पार्टी नेता डॉ. संतृप्त मिश्रा और डॉक्टर दत्तेश्वर होता को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। नवीन पटनायक ने पार्टी विधायकों से चर्चा करने के बाद यह एलान किया।

बीजद प्रमुख पटनायक ने कहा, 'अगले महीने होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए हमारी पार्टी ने दो उम्मीदवारों को नामित करने का फैसला किया है। पहले उम्मीदवार डॉ. संतृप्त मिश्रा हैं, जो हमारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य हैं। दूसरे उम्मीदवार ओडिशा के जाने-माने डॉक्टर दत्तेश्वर होता हैं।' एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें दोनों उम्मीदवारों की जीत की उम्मीद है। नवीन पटनायक ने कहा कि डॉ. होता ओडिशा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पहले कुलपति हैं और उन्होंने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य के तौर पर भी काम किया है। पटनायक ने कहा, 'वह (डॉ. होता) एक आम उम्मीदवार हैं, इसलिए मैं सभी पार्टियों से अपील करता हूं कि वे उनका समर्थन करें और उन्हें राज्यसभा भेजें।'

नमो भारत और मेट्रो आने के बाद मेरठ में बढ़ा रियल एस्टेट कारोबार

मेरठ। नमो भारत और मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद मेरठ में इंफ्रास्ट्रक्टर को भी रफ्तार मिली है। संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के प्रति लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। हाल में ही आवास एवं विकास परिषद की ओर से की गई ई-नीलामी में 59 करोड़ की 28 संपत्तियों की बिक्री से इसके प्रमाण मिले हैं। आवास विकास परिषद की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर, माधवपुरम, शास्त्रीनगर और जागृति विहार विस्तार योजना के लिए बीती 19 फरवरी को ई-नीलामी की गई थी। उप आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नमो भारत और मेरठ मेट्रो का शुभारंभ किए होने के बाद मेरठ एवं आसपास के लोगों ने संपत्तियों की खरीद -फरोख्त के प्रति काफी रुझान दिखाया है। संपत्ति प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि मेरठ ही नहीं दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा से भी लोगों ने बोलियां लगाई हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में व्यावसायिक भूखंड 73 लाख, माधवपुरम योजना में आवासीय 85 लाख, शास्त्रीनगर योजना में व्यावसायिक भूखंड व एक दुकान तीन करोड़ 55 लाख, व्यावसायिक भूखंड 26 करोड़ 44 लाख, नर्सिंग भूखंड 23 करोड़ दो लाख और जागृति विहार विस्तार योजना में नर्सरी स्कूल 1.93 करोड़, आवासीय भूखंड 1.85 करोड़ तथा एक आवासीय भवन 54 लाख रुपये में बिका।

कांग्रेस का पीएम मोदी पर तंज, 'विश्वगुरु की असलियत दुनिया के सामने'

■ **आर्थिक कूटनीति की विफलता का आरोप**

नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान की तारीफ और अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में समर्थन पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने इसे 'भारतीय हग्लोमेसी' (Indian huglomacy) के लिए एक और झटका बताया है और कहा है कि दुनिया खासकर अमेरिका अब 'स्वयंभू विश्वगुरु' की असलियत समझ चुकी है।

जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप का अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के युद्ध में पूर्ण और स्पष्ट समर्थन 'भारतीय हग्लोमेसी' के लिए एक और झटका है।'

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ भारत की आर्थिक कूटनीति बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एकतरफा व्यापार समझौते के सामने घुटने टेक दिए, जिसमें भारत ने अमेरिकी किसानों से आयात की बड़ी प्रतिबद्धताएं कीं, जबकि अमेरिका ने भारत से बड़े निर्यात की अस्पष्ट प्रतिबद्धताएं कीं। कांग्रेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस समझौते के कुछ ही दिनों बाद अमेरिका ने भारत से सौर मॉड्यूल पर 125.87 प्रतिशत का आयात शुल्क लगा दिया। जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत की रणनीतिक कूटनीति को बार-बार झटके दिए हैं, क्योंकि वे लगातार पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के करीब आते रहे और भारत और पाकिस्तान को एक साथ जोड़ते रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री अपने तरीकों से पुरस्कार जीत सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्वगुरु का पर्दाफाश हो गया है और दुनिया, खासकर अमेरिका, ने उनकी असलियत समझ ली है।'

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ट्रंप ने कहा था कि वे पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा संबंध रखते हैं और देश बहुत अच्छा कर रहा है।

ट्रंप का पाक को 'पूर्ण समर्थन', कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर पाकिस्तान की तारीफमें कसीदे पढ़े हैं, जिनके भड़काऊ बयानों ने पाकिस्तान द्वारा रचे गए आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। यह अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की ओर इशारा था।

अमेजन पर 299 रुपए से कम में होली एसेंशियल्स के साथ रंगों का त्योहार मनाएं

बेंगलुरु। इस होली, अमेज़न बाजार गुणवत्ता और किफायतीपन को साथ लाकर हर भारतीय के लिए होली को बेहद कम कीमतों पर मनाना आसान बना रहा है। ग्राहक होली के जरूरी सामान और त्योहारी आवश्यकताओं की विस्तृत श्रृंखला बहुत ही किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं। ग्राहक 299 रुपये से कम में होली एसेंशियल्स प्राप्त कर सकते हैं, सभी ऑर्डर पर अतिरिक्त कैशबैक और फ्री डिलीवरी का आनंद ले सकते हैं, और मेगा डिस्काउंट्स अनलॉक कर सकते हैं।

मेज़न बाजार से कुछ जरूरी होली एसेंशियल्स हैं

होली फेस्टिवल सफेद टी-शर्ट: 269 रुपये इस रंगीन ग्राफिक टी-शर्ट के साथ अपने त्योहार लुक में रंग भरें, जिसे होली की हर सेल्फी में अलग दिखने के लिए डिजाइन किया गया है। बोल्ड प्रिंट और आरामदायक रेगुलर फिट के साथ, यह पूरे दिन रंग, संगीत और उत्सव के लिए परफेक्ट है।

हर्बल होली गुलाल: 149 रुपये

इस हर्बल होली गुलाल के साथ रंगों का त्योहार मनाएं, जिसमें नारंगी, पीले, लाल, गुलाबी और हरे जैसे बोल्ड शेड हैं। यह त्वचा के अनुकूल, हल्का और आसानी से धोने योग्य है ताकि मस्ती बिना चिंता के जारी रहे।

वाटर पिस्टल वाटर गन पिचकारी कॉम्बो: 249 रुपये

यह रंगीन पिस्टल पिचकारी आसान ग्रिप और स्मूथ पंप एक्शन के साथ पावरफुल स्प्रे देती है। हल्की, टिकाऊ और लगातार वाटर बैटल के लिए बनी – यह त्योहार की मस्ती बढ़ाने के लिए जरूरी है।

होली एवं फेस्टिवल पार्टीज के लिए कलर शूटर: 299 रुपये

यह रिफिल करने योग्य ऑर्गेनिक कलर ब्लास्टर एक सरल स्क्वीज़ के साथ चमकदार, स्किन-सेफ रंग फेंकने देता है।

91 साल के इतिहास में पहली बार चैंपियन बना जम्मू-कश्मीर

हुबली। जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफये मुकाबला पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की थी। पांचवें दिन जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए और उसकी कुल बढ़त 633 रनों की हो गई थी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने पारी घोषित करने का फैसला किया। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तान दिन का खेल समाप्त करने पर सहमत हुए और मैच ड्रॉ रहा। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली। जम्मू-कश्मीर के लिए इस मैच में आकिब नबी डार ने पहली पारी में पांच विकेट झटके, जबकि दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल और साहिल लोटरा ने शानदार साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 197 रनों की अविजित साझेदारी की। इकबाल 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 160 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि साहिल ने 226 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों के सहारे नाबाद 101 रन बनाए।

फिल्म मेकर रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में मिला अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन, नेपाल से हुई थी फंडिग

मुंबई। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई वाले घर पर फायरिंग मामले में जांच जारी है। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े सुराग लग रहे हैं। मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के लिए एटीएम के जरिए फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच गहनता से जांच कर रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग को अंजाम देने वाले शूटर्स को नेपाल से रकम दी गई थी। यह रकम सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई थी, जिसमें एटीएम के जरिए कैश ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल किया गया था। बताया जाता है कि आरोपियों के खाते में रकम अज्ञात व्यक्ति के जरिए डाली गई थी। पुलिस सभी की बैंक डिटेल्स खंगाल रही है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, इस लेनदेन का कनेक्शन नेपाल से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस मामले में आगरा से पकड़े गए आरोपियों को अक्सर फंडिंग की जाती थी।

'किसी भी फिल्म से ज्यादा फायदेमंद है शाहरुख खान की टीम चयक्रं, करण जौहर ने बताया इस चीज के दीवाने हैं अभिनेता क्राइम ब्रांच ने जांच के लिए संबंधित बैंकों को आधिकारिक पत्र भेजकर आरोपियों के खातों की जानकारी मांगी है। इसमें बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजैक्शन हिस्ट्री और रकम जमा करने वाले व्यक्ति की जानकारी मांगी गई है। पुलिस को शक है कि मामले में बाहर की आतंकी शक्तियां भी शामिल हो सकती हैं। ख्याल रहे कि रोहित शेट्टी के जुहू वाले बंगले पर अचानक कुछ हमलावरों ने गोलीबारी की थी। हमले में किसी को चोट नहीं पहुंची है। मामले में पुलिस 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये गिरफ्तारियां उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से हुई हैं।

विधानसभा सत्र चल रहा और अफसर दफ्तर से गायब, फोन करने पर दे रहे गोलमोल जवाब

■ भटगांव परियोजना कार्यालय के अधिकारी शासन के कानून-निर्देशों का नहीं करते पालन

सरसींवा-कोरबा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के अंतर्गत भटगांव परियोजना कार्यालय इन दिनों गंभीर प्रशासनिक विवाद में घिर गया है। दिनांक 27 फरवरी 2026 को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी प्राप्त करने पहुंचे एक आवेदक को परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल कार्यालय में अनुपस्थित मिले। प्रकरण ने अब जिला स्तर पर तूल पकड़ लिया है और विभागीय हलकों में हलचल मचा दी है।

जानकारी के अनुसार, परियोजना अधिकारी द्वारा स्वयं आवेदक को कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी लेने के लिए बुलाया गया था। आवेदक प्रातः 11 बजे नियत समय पर कार्यालय पहुंचे, किंतु अधिकारी वहां मौजूद नहीं थे। कर्मचारियों से पूछताछ पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी। संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता को दिनभर दफ्तर में बैठा कर रखा गया, जिसकी शिकायत जिला स्तर पर की गई है।

शिकायत में कई गंभीर सवाल

क्या 27 फरवरी को कोसमकुंडा में वास्तव में आधार कैंप आयोजित हुआ था? यदि हुआ, तो क्या परियोजना अधिकारी ने स्वयं स्थल निरीक्षण किया? उस दिन वे किस समय से किस समय तक किन-किन स्थानों पर उपस्थित रहे? पूरे दिन कार्यालय से अनुपस्थित रहने की अनुमति किस सक्षम अधिकारी से प्राप्त की गई? इन सभी बिंदुओं की अभिलेखीय प्रमाण सहित निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

आरटीआई का उड़ रहा माखौल

वर्तमान में विधानसभा सत्र संचालित होने के दौरान सामान्यतः अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश रहते हैं। ऐसे संवेदनशील समय में संबंधित अधिकारी का कार्यालय से अनुपस्थित रहना तथा भिन्न-भिन्न जानकारी देना प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना विभाग की वैधानिक जिम्मेदारी है। आवेदक को कार्यालय बुलाकर स्वयं अनुपस्थित रहना अधिनियम की भावना के विपरीत माना जा रहा है। इसे प्रशासनिक उदासीनता या दायित्वों की अवहेलना के रूप में देखा जा रहा है।

अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

प्रकरण को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं दस्तावेजी जांच, वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक करने तथा दोष सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। मामला उजागर होने के बाद विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

विभागीय व्यवस्था पर सवाल

शिकायत के आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल एक अधिकारी की अनुपस्थिति का विषय नहीं रहेगा, बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली और जवाबदेही की व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा। अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं– क्या जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी या मामला फाइलों में सिमट जाएगा।

वाट्सएप पर सूचना देने की बात

दूरभाष पर संपर्क करने पर अधिकारी ने पहले स्वयं को आधार कैंप निरीक्षण में बताया। इसके बाद कोसमकुंडा शिविर में होने की बात कही। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना भेजने का आश्वासन दिया गया, जो समाचार लिखे जाने तक उपलब्ध नहीं कराई गई।

न्यूज गैलरी

होली पर हटिया-एलटीटी के बीच स्पेशल ट्रेन, 2-2 फेरे का परिचालन

रायपुर/नवप्रदेश। होली त्यौहार और आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने हटियाङ्कलोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी)-हटिया के मध्य 02-02 फेरों के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। गाड़ी संख्या 08609 हटियाङ्कएलटीटी होली स्पेशल 02 एवं 09 मार्च 2026 (सोमवार) को हटिया से शाम 4.20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन बिलासपुर (01.15/01.25 बजे), रायपुर (02.55/03.00 बजे), दुर्ग (03.55/04.00 बजे), गोंदिया (05.48/05.50 बजे) होते हुए बुधवार को 00.40 बजे एलटीटी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08610 एलटीटीङ्कहटिया होली स्पेशल 04 एवं 11 मार्च 2026 (बुधवार) को एलटीटी से सुबह 5.00 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन गोंदिया (03.08/03.10 बजे), दुर्ग (05.20/05.25 बजे), रायपुर (06.00/06.05 बजे), बिलासपुर (07.45/08.00 बजे) होते हुए शाम 6.00 बजे हटिया पहुंचेगी। इन स्पेशल ट्रेनों में 01 एसएलआरडी, 04 जनरल, 07 स्लीपर, 05 एसी-III, 02 एसी-III, इकोनॉमी, 02 एसी-II तथा 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। मार्ग में दोनों दिशाओं में राउरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, पचोरा, चालीसगांव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

प्रदेश में 5000 शिक्षकों की होगी भर्ती, परीक्षा की संभावित तिथियां जारी

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए बड़ी खबर है। राज्य सरकार प्रदेश में 5000 शिक्षकों की भर्ती करने जा रही है। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राज्य सरकार युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। 5000 शिक्षकों की भर्ती इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल युवाओं को रोजगार देगा, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की संभावित तिथियां जारी कर दी गई हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार सहायक शिक्षक की परीक्षा 11 अक्टूबर 2026, शिक्षक की परीक्षा 25 अक्टूबर 2026 तथा व्याख्याता की परीक्षा 29 नवंबर 2026 को संभावित है। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के साथ सभी अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। इधर, व्यापम द्वारा संभावित कैलेंडर जारी होने से युवाओं में उत्साह का माहौल है। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न कारणों से रिक्त पड़े पदों पर अब भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से शिक्षा विभाग को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

बीएसपी के एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को पेंशन मिलना शुरू

भिलाईनगर/नवप्रदेश। बीएसपी में एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का पेंशन लंबे समय से लंबित था। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रयास से 110 श्रमिकों को पेंशन मिलना शुरु हो गया है। उन्हें 2700 रु। प्रतिमाह पेंशन मिल रहा है तथा लगभग 170000 रु। मिलना प्रारंभ हो गया है। सेवानिवृत्त एचएसएलटी श्रमिकों ने इंटक के प्रयास के लिए इंटक आफिस जाकर आभार जताया। भिलाई इस्पात संयंत्र में साफ-सफाई एवं उत्पादन कार्य में विगत 40 वर्षों से कार्य करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का पेंशन लंबे समय से लंबित था। ईपीएफ के केवाईसी लंबित रहने के कारण लगभग 10 वर्षों से प्रयासों के बावजूद उनका पेंशन प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। इस संबंध में ठेका श्रमिकों से ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) कार्यालय में अध्यक्ष संजय कुमार साहू संपर्क किया। विगत दो वर्षों के सतत प्रयासों तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्च प्रबंधन, सीएलसी ठेका प्रकोष्ठ, वित्त विभाग एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रायपुर के सहयोग से 250 ठेका श्रमिकों में से 110 श्रमिकों का पेंशन प्रारंभ हो गया है। शेष श्रमिकों की प्रक्रिया प्रगति पर है।

दुर्ग और सरगुजा में 2 मार्च से लागू होंगी नई गाइडलाइन दरें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन और मकान की खरीद-फरोख्त को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब दुर्ग और सरगुजा जिलों में नई गाइडलाइन दरें 2 मार्च 2026 से लागू होंगी। इससे इन जिलों में संपत्ति की रजिस्ट्री नई निर्धारित दरों के आधार पर की जाएगी। दरअसल, राज्य सरकार ने 20 नवंबर 2025 से नई गाइडलाइन दरें लागू की थीं। बाद में कुछ क्षेत्रों में दरों में संशोधन की आवश्यकता महसूस होने पर संबंधित जिलों से सुझाव मांगे गए। दुर्ग और सरगुजा की जिला समितियों ने संशोधित प्रस्ताव भेजे, जिन्हें केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में चर्चा के बाद मंजूरी दे दी गई। सरकार का कहना है कि नई दरें बाजार मूल्य के अनुरूप तय की गई हैं, जिससे रजिस्ट्री प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी।

ग्रामसभा की अनुमति बिना खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आरोप, अफसरों के आश्वासन के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

कोल ब्लॉक आवंटन और ड्रोन सर्वे के विरोध में चक्काजाम, 6 घंटे तक यातायात बाधित

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के चचिया, तौलीपानी, बैगामार, शिभाला बोटमार (गेरॉव), कटकोना, कुदमुरा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में प्रस्तावित कोल ब्लॉक आवंटन और ड्रोन सर्वे को लेकर शुक्रवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मुख्य मार्ग पर उतर आए और चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान लगभग पांच से छह घंटे तक आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

ग्रामीणों का कहना है कि वनाधिकार अधिनियम (FRA) के प्रावधानों के तहत किसी भी प्रकार के खनन, भूमि अधिग्रहण या सर्वे कार्य से पहले संबंधित ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य है। इसके बावजूद बिना प्रस्ताव पारित कराए और ग्राम सभा की सहमति लिए ड्रोन सर्वे और कोल ब्लॉक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक ग्राम सभा औपचारिक रूप से प्रस्ताव पारित नहीं करती, तब तक किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा भी शामिल रहे। कई महिलाओं ने कहा कि जमीन ही उनका एकमात्र आजीविका स्रोत है और बिना स्पष्ट पुनर्वास नीति के विस्थापन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई कि यदि खनन प्रस्ताव लाया जाता है तो पहले भूमि अधिकारों की पुष्टि, उचित मुआवजा, पुनर्वास की ठोस व्यवस्था और स्थानीय युवाओं को रोजगार की गारंटी तय की जाए।

प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीण प्रतिनिधियों से चर्चा की और उन्हें भरोसा दिलाया कि ग्राम सभा की सहमति के बिना आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रशासन ने यह भी कहा कि ग्रामीणों की आपत्तियों और मांगों को उच्च स्तर पर भेजा जाएगा तथा नियमानुसार प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

करीब पांच से छह घंटे चली बातचीत और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बिना अनुमति सर्वे या खनन का प्रयास किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। क्षेत्र में चल रहा यह विरोध भूमि अधिकार, पर्यावरण संरक्षण और संभावित विस्थापन को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता को दर्शाता है। आने वाले दिनों में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद किस दिशा में आगे बढ़ता है, इस पर सभी की नजर रहेगी।

अधिवक्ता हुआ ठगी का शिकार

दुर्ग/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में निवेश पर 15 से 20 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने अधिवक्ता के साथ धोखाधड़ी की। प्रार्थी की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर सिकोला भाटा निवासी अधिवक्ता ऋषभ शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पहचान भुवनेश्वर उड़ीसा निवासी निहार बिसवाल उर्फ निहार रंजन बिसवाल से उनके एक मित्र के माध्यम से हुई थी। आरोपी पूर्व में एक निजी कंपनी में कार्यरत था एवं स्वयं को शेयर ट्रेडिंग का जानकार बताते हुए निवेश पर आकर्षक रिटर्न का भरोसा दिलाता था। रकम पर अधिक लाभ मिलने का आश्वासन मिलने प्रार्थी उसके झांसे में आ गया। आरोपी ने कहा था कि किसी प्रकार की हानि होने पर 99 प्रतिशत नुकसान व स्वयं वहन करेगा और निवेशक को केवल एक प्रतिशत नुकसान उठाना पड़ेगा। आरोपी की बातों में आकर प्रार्थी ने ट्रायल पीरियड के नाम पर 3,00,000 रुपए निवेश करने की सहमति दे दी। यह राशि उसने 24 नवंबर 2025 को अपने मित्र के बैंक खाते के माध्यम से ट्रांसफर कराई थी।

राजनांदगांव के चौराहों पर सुनाई दे रही नगाड़ों की थाप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर सहित अंचल भर में अब होली का रंग दिखाई देने लगा है शहर के सभी चौक चौराहों में नगाड़ों की थाप सुनाई दे रही है। होली के बाजार में इस बार भी हर्बल रंग-गुलाब से लेकर पिचकारियों की सैकड़ो वैरायटियां बाजार में आ चुकी है। जिसकी खरीददारी भी शुरू हो गई है। बच्चों को आकर्षक पिचकारियां काफी अधिक भा रही है । पलाश के फूल से तैयार किया गया रंग गुलाल भी खूब दिख रहा है।

इस बार भी कोलकाता आगरा मुंबई बेंगलुरु चेन्नई रायपुर शैतान बड़े नगरों से बहुतायत में होली के समान मांगे गए हैं। जिनकी अधिक से अधिक बिक्री हो रही है होली का पर्व होने के चलते राजनांदगांव जिला मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फ्लाईओवर से लेकर शहर के सभी चौक चौराहों में अब होली की दुकानें सज गई है। जहां पर लोग खरीददारी करते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों की माने तो इस बार भी करोड़ों का व्यवसाय होगा। राजनांदगांव जिला मुख्यालय से लेकर जिले भर में अब होली का बाजार पूरी तरह से सज गया है। शहर के सभी चौक चौराहों से लेकर बाजार क्षेत्र में भी रंग बिरंगी पिचकारियों से लेकर रंग गुलाल की दुकानें सज गई है। जहां पर लोग खरीददारी करते नजर आ रहे हैं । पलाश फूलों का रंग गुलाल भी लोग अधिक से अधिक खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यापारी अधिक से अधिक खरीददारी करते नजर आ रहे हैं। अंचल भर में होली पर्व को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। होली पर्व के पहले से ही बिक्री शुरू हो जाने से व्यापारी भी खुश नजर आ रहे । व्यापारियों की माने तो होली पर्व में इस वर्ष करोड़ों की ग्राहकी होगी है। छोटी-छोटी दुकानें भी अब चौक चौराहों में सज गई है।

सड़क नवीनीकरण के लिए 2.30 करोड़ मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने मुंगेली जिले में लोखंडी ब्रिज से जोंकी मोड़ तक सड़क के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 2 करोड़ 30 लाख 18 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि से 1.15 किलोमीटर लंबाई में सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद मंत्रालय से प्रमुख अभियंता को राशि स्वीकृति संबंधी परिपत्र जारी कर दिया गया है। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूरा किया जा सके।

तीन घंटे के विशेष अभियान में 154 नशेड़ी वाहन चालक पकड़े, 15.40 लाख का चालान

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और होली पर्व को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस ने शुक्रवार रात तीन घंटे का विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 154 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया। सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 15 लाख 40 हजार रुपये का चालान काटा गया।

पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला एवं दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त सतीश ठाकुर, सुरेन्द्र साय पैकरा, रमेश येरेवार, गुरजीत सिंह और सीमा अहिरवार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। यातायात थानों के प्रभारियों की मौजूदगी में शहर के आठ प्रमुख स्थानों पर रात 10 बजे से 1 बजे तक सघन जांच की गई।

तैलीबांधा थाना, भाठागांव चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, खमतराई थाना, टाटीबंध चौक, पचपेड़ीनाका चौक और पंडरी थाना के सामने स्टॉपर लगाकर ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 64 कार, 65 मोटरसाइकिल, 8 ट्रक, 12 टाटा एस पिकअप, 1 बोलेरो, 2 माजदा, 1 ट्रैक्टर और 1 ई-रिक्शा जब्त किए गए। सभी मामलों को कार्य दिवस में न्यायालय में पेश किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रत्येक प्रकरण में न्यूनतम 10 हजार रुपये अर्थदंड का प्रावधान है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर आगामी दिनों में भी रात्रि में स्थान बदल-बदलकर अभियान जारी रहेगा।

दौरा कार्यक्रम: छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अफसर पहुंचे पेंड्रा

ग्रामीण विद्युतीकरण को नई दिशा देने पहुंचे प्रबंध निदेशक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (सीएसपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक एवं छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (क्रेडा) के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पेंड्रा जिले का दौरा ग्रामीण विद्युतीकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं जन-केंद्रित पहल साबित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर विद्युत आपूर्ति संबंधी सुधारों पर चर्चा की।

प्रबंध निदेशक एवं प्रभारी सीईओ, क्रेडा ने इस दौरान प्रसिद्ध वैद्य ननकू वैद से भेंट की तथा हाल ही में स्थापित विद्युत लाइन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर विद्युत आपूर्ति संबंधी सुधारों पर चर्चा की। साथ ही, क्षेत्र में चंदन खेती सहित अपनाई जा रही उन्नत एवं उच्च-मूल्य कृषि पद्धतियों का अवलोकन भी किया। ठठपथरा के दौरे के दौरान हाल ही में प्रारंभ की गई नियमित विद्युत लाइन की स्थिति का जायजा लिया गया। क्रेडा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पूर्व में स्थापित सौर आधारित व्यवस्था को निकट भविष्य में किसी अधिक आवश्यक स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि अक्षय ऊर्जा संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित हो सके। पेंड्रा विश्राम गृह में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रचलित कार्यों के संचालन संबंधी चुनौतियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को जनता के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी और शुद्ध भावना से करने का स्पष्ट संदेश दिया। सीएसपीडीसीएल संभागीय कार्यालय में भी व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित कर चल रही परियोजनाओं, परिचालन चुनौतियों एवं भावी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण को सुदृढ़ बनाने हेतु सामूहिक समाधान एवं सहयोगात्मक प्रयासों पर बल दिया गया।

तीन गांजा तस्करों को 20-20 साल की कैद, दो-दो लाख का जुर्माना भी

रायपुर/नवप्रदेश। महासमुंद से रायपुर गांजा तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध न्यायाधीश ने बड़ा फैसला सुनाया है। आरोप सिद्ध होने पर 20-20 साल कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपए जुर्माना भरने का भी आदेश दिया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त दो-दो साल कठोर कारावास का प्रावधान है। यह मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 26 फरवरी, गुरुवार को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट किरण थवाइत की कोर्ट में पूर्ण हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू ने कोर्ट को बताया कि 10 अगस्त 2024 को मंदिर हसौद थाना पुलिस ने 50 किलो से अधिक गांजा के साथ तीन आरोपियों सतीश अग्रवाल, कामेश्वरी गोस्वामी और सुभाष पटेल को गिरफ्तार किया, जो महासमुंद से राजधानी में लाकर बेचने के फिराक में थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महासमुंद की ओर से एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में भारी मात्रा में गांजा रायपुर लाया जा रहा है। एनएच-53 पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। कार में सतीश अग्रवाल चालक के रूप में और कामेश्वरी गोस्वामी उसके साथ मौजूद थीं। प्रारंभिक तलाशी में कुछ नहीं मिला, लेकिन जब वाहन की डिक्की खोली गई तो दो प्लास्टिक बोरियों में 50 पैकेट गांजा बरामद हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com